आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 173 ● कटनी ● सोमवार, 25 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास कृष्ण पक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935



द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति पद की ली शपथ

## बोलीं- गरीब भी देख सकता है सपना

**नई दिल्ली,एजेंसी।** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को भारत के 15वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एनवी रमना ने निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। मुर्मू देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। साथ ही वह सर्वोच्च संवैधानिक पद संभालने वाली पहली आदिवासी महिला और स्वतंत्र भारत में पैदा होने वाली पहली राष्ट्रपति हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, मेरे लिए बहुत संतोष की बात है कि जो सदियों से वंचित रहे, जो विकास के लाभ से दूर रहे, वे गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी मुझ में अपना प्रतिबिंब देख रहे हैं। मेरे इस निर्वाचन में देश के गरीब का आशीर्वाद शामिल है, देश की करोड़ों महिलाओं और बेटियों के सपनों और सामर्थ्य की झलक है।

**राष्ट्रपति बोलीं- छोटे से गांव से आती हूं मैं**

मैं छोटे से गांव से आती हूं और वहां प्राथमिक शिक्षा हासिल करना भी कठिन है। मैं इस स्तर तक शिक्षा पाने वाली पहली व्यक्ति हूं। राष्ट्रपति के रूप में मेरा चुना जाना केवल मेरी उपलब्धि नहीं है, बल्कि देश के सभी लोगों की उपलब्धि है, जो वे इस स्तर तक पहुंचने का सपना देख सकते हैं। आपकी आत्मीयता, विश्वास और आपका सहयोग, मेरे लिए इस नए दायित्व को निभाने में मेरी बहुत बड़ी ताकत होंगे।शपथ ग्रहण के दौरान मुर्मू ने कहा मेरा सौभाग्य है कि मुझे स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में सेवा करने का अवसर मिला है। मैं स्वतंत्र भारत में जन्म लेने वाली पहली राष्ट्रपति हूं। संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह से पहले, निवर्तमान राष्ट्रपति और निर्वाचित राष्ट्रपति संसद पहुंचे। उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्रिपरिषद के सदस्य, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, संसद सदस्य आदि शामिल हुए।



### विदा हुए कोविंद

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद राष्ट्रपति भवन से हुए विदा
पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति भवन से विदा हो गए हैं। विदाई के दौरान कोविंद को ट्राई सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्राई सर्विस गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी भी दी गई।

### नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को सांसद श्री तन्खा ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, यशभारत।** संसद के सेन्ट्रल हाल में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने द्रौपदी मुर्मू की संसद में उपस्थिति और शपथग्रहण को भारत के लिए महान अवसर बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि यह देश के लिए महान अवसर है।



बाराबंकी में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भीषण सड़क हादसा

## 9 की मौत, 36 घायलों में कई गंभीर

**बाराबंकी,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। बिहार के सीतामढ़ी जनपद से दिल्ली जा रही वोल्वो बस पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पहले से खड़ी बस में जा घुसी। भोर में 4:00 बजे हुए हादसे में वोल्वो सवार 9 यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तीन दर्जन से अधिक बस यात्री घायल हो गए। घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज, सीएचसी हैदर गढ़ और सीएचसी गोसाईगंज भेजा गया। गंभीर रूप से घायल एक दर्जन यात्रियों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।



बिहार के सीतामढ़ी से दिल्ली जा रही थी बस -वॉल्वो बस संख्या यूपी 17 एटी 1353 जनपद सीतामढ़ी (बिहार) मैं जनकपुरी रोड पर स्थित पुपरी कस्बे से दिल्ली के लिए रविवार को रवाना हुई थी। वोल्वो बस सोमवार की भोर में 4-00 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लोनी कटरा थाना क्षेत्र के दयाराम पुरवा गांव के पास पहले से किनारे खड़ी बस मैं जा घुसी। दूसरी बस नंबर यूपी 81 डीटी 1580 भी बिहार से दिल्ली जा रही थी। दयाराम पुरवा के पास बस चालक ने गाड़ी रोक दी और उसके अधिकांश यात्री वही खुले यूपी डाक की कैंटीन में बैठकर चाय नाश्ता करने लगे। इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे में वोल्वो बस पर सवार दो महिला एक बच्ची समेत कुल 9 लोगों की मौत हो गई। 3 दर्जन से अधिक बस यात्री घायल हो गए। बस में बैठे अधिकांश यात्री भोर में सो रहे थे। तेज धमाके पर आंख खुली तो हर एक व्यक्ति लहूलुहान था।

### एमजीएम में रैगिंग

## जूनियर्स को चांटे मारते, उठक बैठक लगवाते; अपशब्द कहते हैं सीनियर छात्र

**इंदौर,एजेंसी।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का बड़ा मामला सामने आया है। फर्स्ट ईयर के छात्रों की शिकायत पर कॉलेज प्रशासन ने रविवार को आपात बैठक बुलाई और देर रात मामला एफआईआर दर्ज करने के लिए संयोगितागंज थाने भेज दिया। शिकायत में जूनियर छात्रों ने थर्ड ईयर के छात्रों पर प्रताड़ना, मारपीट के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि सीनियर छात्र फर्स्ट ईयर के छात्रों को बुलाकर गाली-गलौज करते हैं और फिर एक-दूसरे से चांटे लगवाते हैं। कभी भी उन्हें बुला लिया जाता है और उठक-बैठक लगवाई जाती है। छात्रों ने सीनियर के परेशान करने वाले और भी कई बिंदु शिकायत में लिखे हैं। चौंकाने वाली बात ये है कि छात्रों ने शिकायत एमजीएम को न करते हुए दिल्ली में एंटी रैगिंग कमेटी को भेजी। वहां से ईमेल से एमजीएम प्रबंधन को सूचना मिली और फिर ताबड़तोड़ डीन डॉ. संजय दीक्षित के निर्देश पर एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई। बताते हैं कि अब तक ये पता नहीं चला है कि रैगिंग के शिकार छात्र कौन हैं।



## कटरीना-विक्की को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई,एजेंसी।** बॉलीवुड स्टार कपल कटरीना कैफ और विक्की कौशल को जान से मारने की धमकी मिली है। विक्की कौशल ने अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के मुताबिक, कटरीना कैफ को लंबे समय से एक शख्स सोशल मीडिया पर स्टॉक कर रहा था लेकिन जब इस बारे में विक्की कौशल को पता चला तो अभिनेता ने उस शख्स को समझाने की कोशिश भी की। लेकिन वह शख्स नहीं माना। खबर है कि इस शख्स का नाम आदित्य राजपूत है और जब कटरीना कैफ को सोशल मीडिया पर स्टॉक कर रहे इस शख्स ने विक्की कौशल की बात नहीं मानी। तब अभिनेता ने मजबूरी में यह कदम उठाया है। जानकारी के मुताबिक, आदित्य राजपूत नाम का शख्स फेसबुक पर मौजूद है लेकिन यह उसका असली अकाउंट है या नहीं। इस बात की पुष्टि अब तक नहीं हुई है। इस मामले में अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर सांताक्रूज पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 506-द्वद्व (आपराधिक धमकी) और 354-डी (पीछा करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। हमने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और व्यक्ति के बारे में और जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। 29 मई को पंजाब के मशहूर सिंगर सिद्धू मूसेवाला की दिन-दहाड़े हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने सिनेमा जगत में हड़कंप मचा दिया था। लेकिन सिंगर के निधन के कुछ समय बाद ही सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिली थी। सलमान खान के पिता सलीम खान को मॉर्निंग वॉक के दौरान सलमान खान के नाम का एक पत्र मिला था, जिसमें अभिनेता की हालत सिद्धू मूसेवाला के जैसी करने की धमकी दी गई थी। इस घटना के बाद सलमान खान की सुरक्षा को सख्त कर दिया गया है। गौरतलब है कि विक्की कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड इंडस्ट्री के क्यूट कपल हैं, जिन्होंने बीते साल ही 9 दिसंबर को जोधपुर में शाही अंदाज में शादी रचाई थी। दोनों ने अपने रिश्ते को पूरी तरह सीक्रेट रखा था और जब दोनों शादी कर रहे थे तब भी वेडिंग फंक्शन को पूरी तरह निजी रखने की कोशिश की गई थी और अब दोनों एक साथ अपनी जिंदगी बीता रहे हैं।

**पुलिस में दर्ज हुई शिकायत**

## रेगिस्तान में अचानक आ गई बाढ़. कई लोग मरे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** जलवायु परिवर्तन का असर धीरे-धीरे दुनियाभर में व्यापक तौर पर दिखना शुरू हो गया। भारत जैसे देशों में मानसून आने के एक महीने बाद भी कई जगहों पर सूखे के हालात हैं तो वहीं ब्रिटेन में इस बार गर्मी ने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। इसी कड़ी में ईरान से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक इलाके में पिछले एक दशक से सूखा पड़ा था और वहां अचानक बाढ़ आ गई।दरअसल, यह घटना ईरान के सूखा प्रभावित दक्षिणी प्रांत फार्स की है। अलजजीरा ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि यहां अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। ईरान के सरकारी टीवी चैनल पर भी शनिवार को प्रसारित रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में एस्ताहबान के गवर्नर युसेफ कारेगर के हवाले से बताया गया कि शहर में बहने वाली रूदबल नदी का जलस्तर भारी बारिश के कारण काफी बढ़ गया।

## बाप ने बेटे के कर दिए कई टुकड़े, फिर मंदिर में जाकर मांगी भगवान से माफी

**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में एक पिता ने नशे के आदी अपने 21 वर्षीय बेटे की कथित तौर पर हत्या करके, उसके शरीर के अंगों को काटकर उसे दो अलग-अलग जगहों पर ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने नीलेश जोशी नामक शख्स को बेटे स्वयं की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के एक अफसर ने कहा, च्स्वयं लगभग छह साल से शराब और ड्रग्स का आदी था और वह अपने पिता को जान से मारने और काटने की धमकी देता था। 18 जुलाई की सुबह, जब स्वयं ने अपने पिता से फिर से झगड़ा शुरू किया, तो जोशी ने उससे कहा कि वह पुलिस को बुलाएगा और उसे सलाखों के पीछे भेज देगा। इसके बाद स्वयं ने कहा कि वह जोशी और पुलिस को भी काट डालेगा। फिर स्वयं ने घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी और अपने पिता को पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया, जोशी बहुत ज्यादा बर्दाश्त नहीं कर सके और उन्होंने स्वयं को मार डाला।ज अधिकारी ने कहा, हत्या के बाद दोशी को काट डालनेज वाली वह धमकी याद आई जो स्वयं उसे दिया करता था। जोशी को शव के टुकड़े-टकड़े करके उसे ठिकाने लगाने का विचार आया ताकि स्वयं का कोई सुराग न लगे।ज जोशी ने स्वयं के शरीर से कपड़े सहित सभी वो चीजें हटा दीं, जिससे कि उसकी पहचान हो सकती थी।

## श्योपुर के एक गांव में रहस्यमयी बीमारी का कहर!

**श्योपुर,एजेंसी।** विजयपुर विकासखंड क्षेत्र की आरोद ग्राम पंचायत के चक पारोंद गांव में रविवार को अचानक कई लोगों को एक साथ उल्टी और दस्त होने लगी। इसकी वजह से एक बच्चे, महिला और बुजुर्ग सहित 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि 15 से ज्यादा ग्रामीणों की हालत नाजुक स्थिति में पहुंच गई, जिन्हें उपचार के लिए विजयपुर के सामुदायिक अस्पताल के अलावा श्योपुर और मुरैना के जिला अस्पतालों में रेफर किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य महकमे की टीमें गांव में पहुंच गई हैं। जिनके द्वारा गांव के सरकारी अस्पताल में शिविर लगाकर बीमार मरीजों का उपचार करने का काम शुरू कर दिया गया है। उल्टी-दस्त की बीमारी का प्रकोप पूरे गांव में फैल गया है। बीमारी की वजह से 2 साल की मासूम बालिका गुड्डी आदिवासी के अलावा महिला रामदासी बाई और बुजुर्ग केदार आदिवासी की मौत हो चुकी है। करीब 20 से ज्यादा ग्रामीण इस बीमारी से पीड़ित हैं, जिनमें से 15 से ज्यादा की हालत नाजुक बनी हुई है। मामले की जानकारी मिलने के बाद विजयपुर एसडीएम नीरज शर्मा के अलावा सीएमएचओ डॉक्टर बीएल यादव अपने विभाग की टीम को लेकर गांव पहुंचे। जिनके द्वारा गांव में मौजूद लोगों का उपचार गांव के प्राथमिक स्कूल में शिविर लगाकर किया जा रहा है। बीमारी किस वजह से फैली है इस बात का भी पता नहीं लग सका है लेकिन ग्रामीण दूषित पानी पीने से बीमारी फैलने का अंदेशा जता रहे हैं।

## बच्चे, बुजुर्ग और महिला सहित 3 लोगों की मौत



15 से ज्यादा की हालत नाजुक



## एल ए सी पर भारत को उकसा रहा चीन

**पूर्वी लद्दाख में चीन के फाइटर जेट भर रहे उड़ान, इंडियन एयरफोर्स बनाए है पैनी नजर**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कई दौर की कोर कमांडर स्तर की बातचीत के बाद भी चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पूर्वी लद्दाख में चीनी लड़ाकू जेट भारतीय सैन्य बलों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले तीन से चार हफ्तों से चीन के फाइटर जेट नियमित रूप से एलएसी के करीब उड़ान भर रहे हैं। वहीं, भारतीय वायु सेना के जवान भी चीन की हर हरकत पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।भारतीय वायुसेना भी चीन की इन हरकतों का करारा जवाब दे रही है। साथ ही एयरफोर्स इस बात का भी ध्यान रख रही है कि किसी भी तरह से मामला बढ़ने न पाए। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया कि चीन के जे-11 समेत कई लड़ाकू विमान ख्र्र के पास ही उड़ान भर रहे हैं।वहीं, हाल ही में इस इलाके में 10 किलोमीटर के कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर लाइन के उल्लंघन के मामले सामने आए हैं। इसके जवाब में इंडियन एयरफोर्स ने मिग-29 और मिराज 2000 सहित अपने सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमानों को उन्नत ठिकानों पर तैनात कर दिया है।

म प्र और राजस्थान में नदियां उफान पर

## देश के छह राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली,भोपाल एजेंसी।।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, तटीय आंध्रप्रदेश समेत देश के छह राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां 25 जुलाई को मूसलाधार बारिश हो सकती है। वहीं, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल सहित पहाड़ों पर बारिश की गतिविधियां अगले एक हफ्ते तक जारी रहेंगी। इस बीच, तेलंगाना मेडक और सिद्धिपेट में बारिश के कारण तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि मध्यप्रदेश और राजस्थान में नदियां उफान पर हैं।

मप्र में आज बाढ़ का अलर्ट

मध्यप्रदेश के कई शहरों में 72 घंटे से लगातार हो रही बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नदी-नाले उफनाकर सीमाएं तोड़ने लगे हैं। प्रदेश में आज बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। तवा, नर्मदा, शिप्रा, बेतवा और पार्वती किनारे बाढ़ का खतरा है। पार्वती उफनाने से श्योपुर-कोटा हाईवे 30 घंटे बंद रहा। श्योपुर में अमराल नदी पर बने सोंई भीखापुर का रपटा डूब गया। इसे पार करने की कोशिश में बाइक सवार बहने लगा। हालांकि, वहां मौजूद लोगों ने उसे बचा लिया। भोपाल में एयरपोर्ट, लालघाटी, ऐशबाग और नारियलखेड़ा समेत कई इलाकों में सड़कों पर 3-3 फीट तक पानी भर गया। कोलांस नदी का पानी भदभदा के आगे सीहोर रोड पर आ गया। भोपाल-सीहोर मार्ग पानी उतरने तक बंद रहा। शिवपुरी के मोहिनी सागर और महीखेड़ा बांध के गेट खोलने से सिंध नदी में भी पानी बढ़ गया है। क्वारी नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। खंडवा में इंदिरा सागर बांध के 12 गेट खोलने पड़ गए। सीहोर के नसरुल्लागंज और रेहटी में भारी बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया। शिवपुरी में बेतवा में नदी उफना गई। टापू पर फंसे दो चरवाहे और उनके जानवरों को रेस्क्यू किया गया। 1 जून से अब तक सबसे ज्यादा बारिश भोपाल, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल और छिंदवाड़ा में हुई है। यहां 30 इंच तक पानी गिर चुका है। मौसम विभाग ने 24 घंटों के लिए बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटे तक पश्चिम मध्यप्रदेश में बाढ़ का जोखिम बन गया है।



### भोपाल-जबलपुर हाईवे पर कलियासोत पर बने पुल के पास सड़क का हिस्सा धंसा

हाल ही में बने भोपाल-जबलपुर हाईवे पर कलियासोत नदी पर बने पुल की सड़क धंस गई है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा है।।




## अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष बनाने लोकल स्तर पर रायशुमारी

भोपाल,यश भारत। नगरीय निकाय के दोनों चरणों के चुनाव के रिजल्ट आ चुके हैं। अब राजनीतिक दलों की नजर नगर निगम, नगर पालिका में अपने अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष जैसे पदों पर है। इसके लिए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा स्थानीय निकाय चुनाव में नगर निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, जिला पंचायत, जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष और नगर पालिका के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। बीजेपी ने 16 में से 9 नगर निगम जीतकर अपने महापौर बनाए हैं। ऐसे में शेष सात नगर निगमों में बीजेपी अपने अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बनवाने पर फोकस किया जा रहा है। प्रदेश के 16 नगर निगम में नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों की लिस्ट।16 नगर निगमों की बात करें तो बीजेपी ने भोपाल नगर निगम के लिए प्रदेश महामंत्री व सांसद कविता पाटीदार को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह, इंदौर के लिए प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, ग्वालियर के लिए प्रदेश उपाध्याक्ष जीतू जिराती, जबलपुर के लिए प्रदेश महामंत्री शरदेंदु तिवारी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह पर्यवेक्षक नगर निगम अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए लोकल स्तर पर रायशुमारी करेंगे।

शेष पेज 5 पर

# यूथ महापंचायत में कटनी की बेटी से सीएम ने की बात

## आईएएस बनना चाहती थी, शिवराज ने पढ़ाई की व्यवस्था दिए निर्देश





**कटनी, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। अक्सर सार्वजनिक कार्यक्रमों में वह अफसरसों को निर्देश दे देते हैं। उनके प्रशंसक मानते हैं सीएम किसी भी काम में देर नहीं करते और तुरंत हर काम का समाधान की कोशिश करते हैं। बहरहाल मामा के नाम से प्रसिद्ध सीएम शिवराज का यही अंदाज एक बार फिर देखने को मिला. जहां उन्होंने कटनी की एक लड़की समस्या सुनते ही उसके समाधान करने के निर्देश दिए और इतना ही कार्यक्रम खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री ने अलग से जाकर लड़की से मुलाकात भी की।

### यूथ महापंचायत में दिखी मामा की दरियादिली

दरअसल, पूरा मामला यूथ महापंचायत के कार्यक्रम का है. जहां कटनी जिले की एक लड़की ने सीएम शिवराज से अपनी पढ़ाई करने को लेकर गुहार लगाई. लड़की बात सुनते ही उन्होंने लड़की को पढ़ाई करवाने का आश्वासन दिया. दरअसल, यूथ महापंचायत कार्यक्रम में कटनी से आई एक लड़की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिली और उसने कहा कि वह पढ़ाई करना चाहती है. इसके बाद सीएम ने बच्ची से बातचीत की और दोबारा फिर से उससे मुलाकात भी की।

### आईएएस बनना चाहती है लड़की

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने के बाद लड़की ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, तीन बहने होने की वजह से अच्छे से पढ़ाई नहीं कर पा रही है. फिलहाल क्थर्ड ईयर में पढ़ने वाली ये बच्ची आईएएस बनना चाहती है। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने लड़की से उसकी पढ़ाई करने पूरी व्यवस्था और मदद करने की बात कही. सीएम ने इसके लिए तत्काल अधिकारियों को निर्देश भी दिए. दरअसल, लड़की के पिता वॉचमैन है और तीन बहनों ने की वजह से परिवार में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वह सीएम मुलाकात के लिए राजधानी भोपाल आई थी. सीएम शिवराज के आश्वासन के बाद अब बच्ची काफी खुश है।





# शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

## सावन के दूसरे सोमवार पर शिवभक्तों ने की आराधना



**कटनी, यशभारत।** आज सावन के दूसरे सोमवार पर शिवभक्तों का शिवालयों में तांता लगा रहा। शहर के प्रमुख शिवमंदिरों में सुबह से ही भगवान के शिवभक्त द्वारा विविध धार्मिक आयोजन शुरू कर दिए गए थे। आज सावन का दूसरा सोमवार है। सावन के दूसरे सोमवार पर बहुत ही अच्छा शुभ संयोग बन हुआ है। आज सावन सोमवार के साथ प्रदोष व्रत भी है। सावन सोमवार के दिन प्रदोष व्रत होने से भगवान शिव की पूजा,उपासना और अभिषेक का महत्व काफी बढ़ गया है। सावन सोमवार के दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं।

### सावन के दूसरे सोमवार पर करें ये उपाय


सावन का महीना जीवन में सुख,समृद्धि और सुखी पारिवारिक जीवन के लिए बहुत ही शुभ माना गया है। ज्योतिष के अनुसार, पति-पत्नी के बीच मिठास और वैवाहिक जीवन की खुशहाली के लिए शिव जी और मां पार्वती का पंचामृत से अभिषेक करें। मान्यता है कि ऐसा करने से पति-पत्नी के बीच का क्लेश कम होगा।

### सावन माह में रुद्राभिषेक का महत्व

सावन का महीना शिवभक्तों के लिए बहुत ही विशेष होता है। इस माह में भगवान शिव की आराधना करने पर सबसे ज्यादा शुभ फल की प्राप्ति होती है। सावन में रुद्राभिषेक करने पर सभी तरह के ग्रह दोष और कष्टों से मुक्ति मिलती है। सावन का हर दिन विशेष कर सावन सोमवार, प्रदोष व्रत और मासिक शिवरात्रि शुभ और कल्याणकारी होता है। मान्यता है कि सावन में अलग-अलग मनोकामनाओं की पूर्ति के उपाय किए जाते हैं।

# दीनदयाल रसोई के भोजन की हकीकत

## अखबार के दफ्तर पहुंचे शख्स ने दिखाई दाल रोटी



**कटनी, यशभारत।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 10 रुपए में जरुरतमंदों को भरपेट भोजन कराने वाले दीन दयाल की रसोई योजना' को लेकर सरकारी दावे चाहे जो हों पर हकीकत इससे उलट की है। गतम दिनों मीडिया ने जब दीनदयाल रसोई को लेकर हकीकत जानी तो स्थिति चौकाने वाली रही। आपको बता दें कि यह रसाई पुरानी कचहरी तथा बस स्टेंड में चलती है। यहां एक अधेड़ कर्मचारी ने कहा कि 15 से 20 लोग यहां आकर खाना खा चुके हैं, कुछ लोग और आएंगे तो खा जाएंगे। केंद्र में पांच लीटर वाले स्टील के डिब्बे में थोड़ा सा चावल रखा था और टब में रखी थोड़ी सी कढ़ी से लगभग 250 लोगों को खाना खिलाने का दावा किया जा रहा था। यहां पर न तो कोई टोकन दिया जा रहा था और ना ही रजिस्टर का संधारण किया जा रहा था। पोर्टल में ठेकेदार द्वारा की गई एंट्री के अनुसार शुक्रवार को बस स्टैंड में 321 व चौपाटी केंद्र में 313 लोगों को खाना खिलाए जाना बताया गया है। पुराने आरटीओ कार्यालय में भी मिला सिर्फ एक व्यक्ति बस स्टैंड की रसोई के कर्मचारी ने कहा कि खाना कम पडने् पर चौपाटी के पास से मंगाया जाता है। यहां पर दीनदयाल की रसोई का प्रमुख केंद्र है। यहां पर भी प्रतिदिन 300 से अधिक लोगों को भोजन कराने का दावा किया जा रहा है। पत्रिका टीम जब पुराने परिवहन कार्यालय में बनी दीनदयाल की रसोई में दोपहर 1 बजकर 35 मिनट पर पहुंची तो सिर्फ एक व्यक्ति खाना खाते मिला और 15 जूठी थालियां धुलने के लिए पड़ी हुई थीं।

### कई दिनों से परेशान व्यक्ति ने अखबार के दफ्तर पहुंचकर बयां किए हालात

इधर बीते दिन एक शख्स यशभार के दफ्तर पहुंच गया जिसके हाथ में एक पन्नी में पानी जैसी दाल तथा हाथ में अधपकी रोटी थी। इस शख्स ने कहा कि रोज रोज ऐसा भोजन करने के बाद इसकी हकीकत बयां करने वह आया है। शख्स की शिकायत पर जब संबंधित से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कभी कभी ऐसा हो जाता है। दीनदयाल की रसोई में एक कर्मचारी ने बताया कि अभी तक 200 के ऊपर लोगों ने खाना खा लिया है, डेढ़ सौ से अधिक लोग और आने की संभावना है। कई बार तो साढ़े तीन सौ के ऊपर संख्या चली जाती है। अब टोकन नहीं देते हैं, मोबाइल में पोर्टल पर खाना खाने वाले व्यक्ति की जानकारी अपलोड करते हैं। एक अन्य कर्मचारी पहुंची और कहा कि 40 से 50 लोग खाना खाकर जा चुके हैं।



# बारिश से मिली राहत

**कटनी, यशभारत।** मानसून एक बार फिर सक्रिय हो चुका है। पिछले कई दिन पहले हुई बारिश से राहत तो मिली थी, लेकिन बारिश का सिलसिला थमने के बादकरीब एक हफ़्ते से लोग उमस और चिपचिपी गर्मी से भारी परेशानी में थे। शनिवार फिर रविवार की रात जिले में बूंदाबांदी हुई, लेकिन सुबह से मौसम में गर्मी रही। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और तेज हवाएं चलना शुरू हो गईं। जिससे मौसम सुहाना हो गया। लगभग एक घंटे तक तेज हवाएं चली जिससे मौसम में ठंडक महसूस होने लगी। हवाएं रुकने के बाद बारिश का सिलसिला भी शुरू हुआ और जिले के लगभग सभी तहसील सहित अन्य क्षेत्र में बारिश हुई। कहीं-कही कहीं कहीं जलभराव से लोग परेशान दिखे। आज सुबह भी सावन की फुहार जारी रही लेकिन दोपहर बाद बारिश बंद हो गई हालांकि मौसम में ठंडक बरकरार रही।

# ओव्हरब्रिज के बावजूद लग रहा जाम



**कटनी, यशभारत।** ओवर ब्रिज बनने से भी शहर को राहत नहीं मिल पाई है। शहर के इन क्षेत्रों में रोजाना जाम लगने से आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। शहर में कई छोटे-छोटे बाजार हैं। इनमें बड़े वाहन घुसने से यहां की स्थितियां बहुत खराब हो जाती हैं। शहर के गांधी द्वार के सामने कुछ दिनों पहले ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए बैरियर लगाए गए थे लेकिन कुछ लोगों द्वारा इसे अलग कर दिया गया है। अब इन संकरी गलियों में रोजाना जाम लग रहा है। यहां पर शेरचौक, घंटाघर सहित अन्य स्थानों पर पहुंचने के लिए जल्द बाडी में झंडाबाजार, गोल बाजार की संकरी गलियों में नागरिक अपनी कार सहित अन्य बड़े वाहन ले जाते हैं। इससे यहां पर जाम की स्थितियां निर्मित होती हैं। शहर की गलियों में आम आदमी को जाम की समस्या से राहत नहीं मिल पा रही है। आए दिन जाम से आम आदमी को परेशानी होती है लेकिन शहर के ट्रैफिक की हालत अभी सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर की संकरी गलियों में जाम आम हो गया है। शहर के कई हिस्सों में जाम से लोगों को परेशानी हो रही है। ट्रैफिक जाम लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। शहरवासियों को यहां किसी भी वक्त जाम लगने के कारण परेशान होना पड़ता है। इनमें सागर पुलिया, जगन्नााथ चौक से घंटाघर की तरफ आने वाला रास्ता, सुभाष चौक, सुभाष चौक से लल्लू भैया की तलैया की तरफ जाने वाला रास्ते में लोग जाम से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा शहर में ऐसे क्षेत्र हैं जहां लोगों को जाम की समस्या से परेशान होना पड़ता है। अभी और ओवर ब्रिज सहित ट्रैफिक को व्यवस्थित किए जाने के लिए शहर की आधार भूत संरचना में सुधार की जरूरत है तभी नागरिकों को यातायात की समस्या से राहत मिल सकेगी।

# सेक्रेड हार्ट के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम




## दसवीं व बारहवीं के सीबीईएससी रिजल्ट में मारी बाजी

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले का इग्लिश मीडियम स्कूल सेक्रड हार्ट सन् 1984 से संचालित के छात्र छात्रों ने कक्षा दसवीं व बारहवीं की सीबीईएससी वोर्ड की परीक्षा में एक बार फिर स्कूल,शाला परिवार व अपने माता पिता का नाम रोशन किया कक्षा दसवी मे आदित्य कुमार दाहिया 92.6 प्रतिशत ने प्रथम, स्तुति कुशवाहा 89.2 प्रतिशत द्वितीय अंजू साहु 88.4 प्रतिशत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा बारहवीं मे जीव विज्ञान समूह मे पलक कुशवाहा 92 प्रतिशत प्रथम,तथ्थीर फातिमा 87 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान भाग्यलक्ष्मी चतुर्वेदी 77.6 ने तीसरा प्राप्त किय गणित समूह मे चंदन सिंह पटेल 94.8 प्रतिशतने प्रथम,सौरभ पांडेय 93.6 प्रतिशत ने द्वितीयस्थान राधव शर्मा 91.48 प्रतिशत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया उ वाणिज्य समूह मे श्रेयांस अग्रवाल 89 प्रतिशत ने प्रथम स्थान, आशुतोष पांडेय 82.6 प्रतिशत ने द्वितीय स्थान, योगेश प्रजापति 81.4 प्रतिशत तीसरा स्थान प्राप्त कर जिला,शाला परिवार व शाला का नाम रोशन किया छात्र छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य अभिषेक बैनर्जी, सचिव के.एम. गट्टानी, सह सचिव डॉं.एस.के खम्परिया व संस्था के समस्त कार्यकारणी सदस्यों सहित शाला के समस्त शिक्षकों छात्र छात्रों को शुभकामनाओ सहित उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अतिक्रमण और अराजकता से घिरा शहर का एकमात्र बस अड्डा



**कटनी, यशभारत।** अतिक्रमण और अराजकता पर शहर का एक मात्र बस अड्डा प्रियदर्शिनी आंसू बहा रहा है। यहां पर अतिक्रमण और अराजकता के बीच बसें संचालित हो रही हैं। जानकारी के अनुसार लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बस स्टैंड और व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाया गया था। बेहतर योजना के अभाव में बस स्टैंड के भाग में कॉम्पलैक्स और दुकानें बना दी गई है। यहां अतिक्रमण भी पसर गया है। अब यहां पर अराजकता का माहौल है। यात्रियों ने बताया कि कब कौन सा ऑटो आकर उनकी जान ले ले कहा नहीं जा सकता है। इन अव्यवस्थाओं के बीच वह रहने के लिए मजबूर हैं। शहर के प्रियदर्शनी बसस्टैंड के विषय में नगर निगम द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का वादा किया जाता है लेकिन यहां पर सुविधाओं का विकास नहीं हो पा रहा है। यहां पर प्रतीक्षालय में लगे पंखें बंद हैं। कई स्थानों पर तो यह पंखे तारों से कनेक्ट ही नहीं हैं। यहां पर गर्मी और उमस के बीच पेयजल के भी ठीक इंतजाम नहीं हैं। मजबूरी में कई बार यात्रियों को पानी की बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। कई यात्री तो यह भी कह रहे हैं कि पेयजल की बोतल बनाने वाली कंपनियों के साथ अधिकारियों की सांठ गांठ है। यही कारण हैं कि बस स्टैंड में पेयजल के लिए पुख्ता इंतजाम किए ही नहीं जा रहे हैं ताकि यात्री मजबूरी में पानी खरीदें।

# गौर सेवकों ने पुलिस की मदद से किया कार्य

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 18 मवेशियों को कराया मुक्त



**कटनी, यशभारत।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पुलिस प्रशासन की मदद से 18 मवेशियों को बखलेहटा के पास से रिहा करवाया है। जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि गौ तस्कर 18 मवेशियों को लेकर बड़गांव से बाहर जा रहे थे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बड़गांव से सूचना लगी। कार्यकर्ताओं ने मिलकर ग्राम पंचायत बखलेहटा हाई स्कूल के पास सभी तस्करो को 18 मवेशियों के साथ पकड़ा। जिसमें कुछ लोग भागने की कोशिश की जिसमें 2 लोग भाग भी निकले। बाकी 3 लोगों को पकड़ लिया गया तुरंत ही कार्यकर्ताओं ने डायल हंड्रेड को सूचना दी। जिसमें कुछ समय के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों आरोपितों को पुलिस ने हिरासत में लिया। बंधक बनाए गए मवेशियों को उसी जगह पहुंचाया गया, जहां से गौ तस्कर लेकर आए थे। इस दौरान बजरंग दल के प्रखंड मंत्री कन्हैया, सचिन राय बड़गांव खंड अध्यक्ष,उम्मेद कुशवाहा मनीष यादव, मिलन, पटेल, नितेश जैन, दुर्गेश रेकवार, नरेश,उम्मेद कुशवाहा,अजीत पटेल,गोलू पटेल, दौलत,अजय यादव आदि शामिल रहे।

सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 8 शो ता. 22 से

दोपहर 12, 1, 3, 4, 6, 7, 9 एवं रात्रि 10 बजे से




शमशेरा

कलाकार- रणवीर कपूर, संजय दत्त, वाणी कपूर, आशुतोष राणा आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 25 जुलाई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## थोड़ी सी बारिश से पुलिया जलमग्न

### गायत्रीनगर, मंगलनगर पुलिया एवं कैलवारा अंडर ब्रिज में पानी भरने से आवागमन बाधित

**कटनी, यशभारत।** पिछले दो दिनों से शहर सहित समूचे जिले में अच्छी बारिश हो रही है। कभी तेज तो कभी हल्की बारिश का दौर जारी है। बारिश का सिलसिला शुरू होने से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा रोपा लगाया जा रहा है। इस सबके बीच बारिश की वजह से कई जगह आवागमन भी बाधित हो रहा है। आसमान से बरसी राहत भी कई जगह शहवासियों के लिए आफत बनी। बारिश शुरू होते ही गायत्री नगर, मंगलनगर पुलिया एवं कैलवारा अंडर ब्रिज में पानी भर गया है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। जिसवक्त बारिश हुई, उस दौरान स्कूलों की छुट्टी हुई थी, जिससे बच्चे ज्यादा परेशान हुए। किसी तरह दोनों पुलियों से आवागमन करने विवश हुए। शहर के मिशन चौक, जिला अस्पताल के सामने भी जलभराव की स्थिति बनी रही। कुछ दिन पहले बारिश के कारण शहर की पुलियों, मॉडल रोड, जिला अस्पताल परिसर सहित अन्य स्थलों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने निकासी के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए थे, लेकिन किसी विभाग ने कलेक्टर के निर्देशों पर अमल नहीं किया, जिसका खामियाजा एक बार फिर लोगों को भुगतना पड़ा।



#### मॉडल रोड में जगह-जगह तालाब

शहर की मॉडल रोड, जो किसी समस्या से कम नहीं है। जनप्रतिनिधि इसे शहर की सौगात बता रहे हैं। जरा सी बारिश होने के बाद बरगवां से लेकर झिंझरी तक जगह-जगह तलैया बन जा रही है। मिशन चौक फ्लाइओवर के एंडिंग प्वाइंट बरगवां, विशाल मेगा मार्ट, कटायेघाट में थोड़ी सी बारिश में पूरी सड़क जलमग्न हो रही है। जिससे आवागमन बाधित हो रहा है।

## उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य महोत्सव का आयोजन बस स्टेंड ऑडिटोरियम में कल

**कटनी, यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत ऊर्जा विभाग द्वारा 25 से 30 जुलाई तक उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य महोत्सव का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर के निर्देश पर 26 जुलाई को नगर निगम ऑडिटोरियम बस स्टैंड में दोपहर 2 बजे से और 28 जुलाई को विजयराघवगढ़ किले में दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने महोत्सव के आयोजन को लेकर अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के निर्देशन में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कटनी में होने वाले संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था का दायित्व नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे और विजयराघवगढ़ किले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था का कार्य डूडा अधिकारी अभया मिश्रा को सौंपा गया है।

## मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान पर फोकस

### फाउंडेशनल लिटरेसी एंड नम्बरेसी कार्यक्रम के तहत बच्चों को दी जा रही जानकारी



**कटनी, यशभारत।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों के लिए सभी प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों के प्रशिक्षण उपरांत समस्त स्कूलों में इस वर्ष से फाउंडेशनल लिटरेसी एंड नम्बरेसी कार्यक्रम लागू किया जा रहा है, जिसमें 0 से 8 साल तक के बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रोचक तरीके से फोकस करते हुए उनकी आधारभूत दक्षताओं को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत दक्षताएं विकसित की जा रहीं हैं। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों का समग्र विकास करना है, जिसके अंतर्गत ही ईपीईएस



घंगरीकलां में श्रीमती अंकिता अवस्थी एवं पीएस प्रभारी जगैया कनॉजिया के सहयोग एवं सुरेश कोल के सहयोग से एफएलएन गतिविधियां सम्पन्न कराई जा रहीं हैं, जिसमें समस्त बच्चे सानन्द सीख रहे हैं, इससे बच्चों में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का विकास होगा। पुस्तक का नाम अंकुर हिंदी की गतिविधि है। मिट्टी की गोलियां बनाने से बच्चों को लिखने के पूर्व उनके हाथों की मांस पेशियों का विकास होगा, जिससे वे सटीक लेखन में निपुण हो सकेंगे। इस प्रक्रिया में हर सप्ताह की अलग-अलग गतिविधि निर्धारित है।



## गाटरघाट में कजलियां मेले की तैयारियां तेज

**कटनी, यशभारत।** कजलियां मेला को लेकर रविवार की शाम श्री समीर राम मंदिर गाटरघाट में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व की भांति इस वर्ष भी सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, धरोहर सहेजने हेतु कजलियां का मेला गाटरघाट कटनी नदी पर मनाए जाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से निर्णय गया की की इस बार पूरे धूमधाम से यह मेला संपन्न कराया जावेगा।

#### कजलियां मेला समारोह समिति का गठन, बैठक में लिए गए कई निर्णय

पूर्व में कोविड-19 के कारण औपचारिक रूप से मेला संपन्न हुआ था। इस बार समिति के सभी सदस्यों ने मिलकर कजलियां मेला समारोह समिति का अलग से गठन कर शहर में उपलब्ध संसाधनों झूला, मिकी माउस, रेस्टोरेंट बच्चों के गेम, जादू आदि से संपर्क कर मेलास्थल में आने का आमंत्रण दिया और रक्षाबंधन के बाद 12 अगस्त को पूरे धूमधाम से यह मेला मनाया जाना प्रस्तावित किया गया। कजलियां मेला समारोह समिति के अध्यक्ष पंकज त्रिसोलिया, सचिव अखिलेश पुरवार को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर बारडोली उत्सव समिति के अध्यक्ष राजू रजक, सचिव मनोज निगम, पंकज त्रिसोलिया, अखिलेश पुरवार, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, राजू खंडेलवाल, प्रेम प्रकाश दीक्षित, विवेक शुक्ला, सत्य दर्शन मिश्रा, मोहनदास नागवानी, राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ उषा पांडे, ललित सोनी, बालमुकुंद गुप्ता, सचिन शर्मा, रमाकांत दीक्षित, हितेंद्र स्वर्णकार, कृष्णकांत शर्मा, प्रमोद सरावगी, महेश रोचलानी, भवानी तिवारी, कैलाश सोनी, संदीप सुधीर पुरवार आदि की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विवेक शुक्ला का जन्मदिन भी मंदिर प्रांगण में ही मनाया।

## उद्यम समागम को लेकर आज शाम को होगी बैठक

कटनी, यशभारत।

मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के निर्देशानुसार कटनी जिले में उद्यम समागम का आयोजन किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उद्यम समागम के आयोजन को लेकर आज 25 जुलाई को शाम 5.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। जिससे आवश्यक विचार विमर्श होगा।

## आवागमन के लिए किसानों ने दान में दी जमीन

### रेलवे और ग्रामीणों के सहयोग से शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत बखलेहटा में तीसरी लाइन निर्माण से बंद हो गया था रास्ता

**रीठी, यशभारत।** कटनी-बीना रेलखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बखलेहटा में रेल्वे प्रशासन द्वारा कटनी-बीना तीसरी लाइन के निर्माण कार्य हो जाने से ग्राम पंचायत बखलेहटा के ग्रामवासियों का आवागमन का रास्ता और पानी निकासी के लिए कोई रास्ता नहीं था। ग्रामवासियों ने कईयों बार रेल्वे सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया था। रेल्वे कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से विगत 3 दिवस पूर्व ग्राम पंचायत बखलेहटा में ग्रामवासियों की रास्ता और पानी निकासी के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य रेल्वे कर्मचारियों की मदद और ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच



सुनील कुशवाहा की टीम के प्रयासों से पूरा हो रहा है। ग्राम पंचायत बखलेहटा के सरपंच सुनील कुशवाहा ने बताया कि यह रास्ता और नाली निर्माण कार्य के लिए पिछले काफी समय से प्रयास किए जा रहे थे। इसके लिए ग्राम के हरीराम कुशवाहा, विजय कुशवाहा, महेश कुशवाहा, लखन कुशवाहा, पुष्प कुमार कुशवाहा, बाला कुशवाहा ने अपनी निजी जमीन का तीन-तीन फुट निःशुल्क दान पत्र रेलवे विभाग को दिया है, जिसमे कार्य प्रारंभ हो गया है और वर्षो से चली आ रही पानी निकासी एवं आवागवन में हो रही ग्रामवासियों की असुविधा की समस्या से निजात मिली, जिससे ग्राम वासियों में हर्ष व्याप्त है।

## 8 लाख से ज्यादा लोगों को लगेगी वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज

### जिले में 30 सितंबर तक चलाया जाएगा कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव



**कटनी, यशभारत।** कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले में 30 सितम्बर तक 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र हितग्राहियों को जन अभियान के रूप मे कोविड -19 की प्रिकॉशन डोज निःशुल्क दी जायेगी। कलेक्टर ने सभी जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कोविड वेक्सीन अमृत महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ 21 जुलाई को किया गया था, जिले के 18 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे समस्त नागरिक, जिन्होंने कोविड 19 वैक्सीन की द्वितीय डोज उपरांत 6 माह अर्थात 26 सप्ताह की अवधि पूर्ण कर ली हो, वे सभी नागरिक कोविड-19 वेक्सीन की प्रिकॉशन डोज हेतु पात्र हैं। जिन हितग्राहियों को जिस वेक्सीन का द्वितीय डोज दिया गया है, प्रिकॉशन डोज के रूप में वही वेक्सीन दी जायेगी। मतलब कोवीशील्ड से टीकाकृत व्यक्ति को कोवीशील्ड तथा कोवैक्सीन से टीकाकृत को कोवैक्सीन की ही प्रिकॉशन डोज दी जायेगी। कोविड वैक्सीनेशन अमृत महोत्सव के दौरान 27 जुलाई, 3 अगस्त,17 अगस्त, 31 अगस्त, 14 सितंबर एवं 28 सितंबर को वैक्सीनेशन महाअभियान आयोजित किया जायेगा। प्रिकॉशन डोज की कोविड-19 वैक्सीन के लिए जिले के 8 लाख 80 हजार 460 व्यक्ति पात्र है। इन सबको निःशुल्क प्रिकॉशन डोज दी जायेगी। इसमें को-वैक्सीन से टीकाकृत 67 हजार 118 व्यक्ति तथा कोवीशील्ड से टीकाकृत 8 लाख 13 हजार 342 हितग्राही शामिल है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने 18 वर्ष से अधिक सभी पात्रों से आग्रह किया है कि वे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र मे पहुंचकर कोविड -19 वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज अवश्य लगवायें।



## जेई से अभद्रता पर बिफरे कर्मचारी

### पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा, कार्रवाई की मांग

कटनी, यशभारत। बिजली विभाग द्वारा विद्युत बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने का अभियान चलाया जा रहा है। निवार फीडर के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता श्रीकांत सिद्धे द्वारा नेशनल हाईवे-43 में संचालित बावर्ची ढाबा में आशीष गौतम का बिजली बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई थी। 26 हजार रुपए बिजली का बिल बकाया था। कनेक्शन काटने के बाद चोरी से बिजली जलाई जा रही थी। इस पर फिर पंचनामा कार्रवाई की गई और 22 हजार 113 रुपए जुर्माना लगाया गया और कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। विद्युत विभाग के कर्मचारियों का आरोप है कि झिंझरी चौकी प्रभारी ने जेई पर धौंस जमाते हुए चौकी बुलाया। जेई ने चौकी प्रभारी पर अभद्रता का आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। शनिवार को एसपी को ज्ञापन सौंपकर चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। चौकी प्रभारी की इस मनमानी के खिलाफ शनिवार को सैकड़ों की संख्या में बिजली विभाग अधिकारी.कर्मचारी पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़ियस से मामले की जांच कराए जाने की बात की। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान एई आदित्य परस्ते, जेई निवार श्रीकांत सिद्धे, जेई देवगांव शेक अकील, जेई रीठी विमलचंद्र मिश्रा, एई स्लीमनाबाद सुशांत सोनल, जेई कुमारेश मिस्त्री, अभिषेक कुमार गढेवाल, राजू पांडेय, अजय नामदेव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## हरियाली अमावस्या पर वृहद स्तर पर चलेगा वृक्षारोपण अभियान



### मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम

**रीठी, यशभारत।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष की कक्षाओं का संचालन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीठी में किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक रविवार को कक्षाएं संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के साथ ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर समिति के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केसवाल उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम के विवरण एवं रुपरेखा की जानकारी दी व आगामी कक्षाओं की गतिविधियों व उद्देश्य पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में परामर्शदाता के रूप में गोवर्धन रजक द्वारा पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई एवं 11 अगस्त से 17 अगस्त तक संचालित हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में परामर्शदाता अरुण तिवारी द्वारा अंकुर अभियान में सहभागिता करते हुए हरियाली अमावस्या के दिन अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर इस अभियान में शत प्रतिशत भागीदारी निभाने व फोटो अपलोड करने की प्रक्रिया को बताया। अंतिम सत्र में परामर्शदाता शरद यादव द्वारा मप्र जन अभियान परिषद के एपप व वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक व अन्य पहलुओं पर सभी को महत्वपूर्ण जानकारी दी। सभी स्टूडेंट्स को एपप लोड कराया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता शारदा श्रीवास द्वारा प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी व आवश्यक दस्तावेज के साथ अध्ययन सामग्री की जानकारी दी।



## केवायसी वाले खातों में ही जायेगी किसान सम्मान निधि

कटनी, यशभारत। नये निर्देश के मुताबिक जिन किसानों के खातों मे के.वाय.सी. पूरी नहीं होगी, अब उन किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नहीं पहुंच पायेगी। इसलिए किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अपने ई-के.वाय.सी और बैंक खाता को आधार नंबर से लिंक करवा लें। इस संबंध मे अधीक्षक भू- अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत हितग्राहियों के बैंक खाते मे राशि सीधे हस्तांतरित की जाती है। जुलाई माह के उपरांत केवल उन्ही किसानों के बैंक खाते मे राशि अंतरित की जायेगी, जिनके द्वारा के.वाय.सी की कार्यवाही पूरी करा ली गई होगी। किसान भाईयों को बैंक खाता से आधार लिंक सहित के.वाय.सी. का कार्य 31 जुलाई तक पूरा कराना होगा। श्री तिवारी ने किसानों से अपील की है कि प्रधानमंत्री किसान पोर्टल पर ई-के.वाय.सी.और कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर तथा बैंक खाता को संबंधित बैंक में जाकर आधार कार्ड से लिंक कराया जा सकता है। इस कार्य को अभियान के स्वरूप मे निर्धारित समय सीमा में पूरा कराने क लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, जनपद पंचायत के सी.ई.ओ., एस.डी.ओ. वन और सहायक संचालक कृषि को नोडल अधिकारी बनाया गया है।



Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
book my show
From 22nd July 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ

Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षो में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है

SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा

जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# नगर निगम के दफ्तरों में पनप रहा लार्वा दूसरों पर लगा रहे जुर्माना

### वार्ड 25 के कार्यालय में रखे कूलर में मिला लार्वा।

### जिले में जून में 17 और इस महीने मिले चुके हैं डेंगू के 14 मरीज।

**भोपाल ( यश भारत )।** पूरे शहर में लार्वा मिलने पर जुर्माना लगाने की जिम्मेदारी नगर निगम की है, लेकिन नगर निगम के दफ्तरों में ही डेंगू के लार्वा पनप रहे हैं। वार्ड 25 के नगर निगम कार्यालय में शनिवार को जब स्वास्थ्य विभाग की टीम लार्वा सर्वे करने के लिए पहुंची तो यहां रखे कूलर में लार्वा मिला। टीम सिर्फ समझाइश देकर चली आई। जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे ने लार्वा मिलने की पुष्टि की है। शहर में मच्छरों की वृद्धि रोकने के लिए नगर निगम की तरफ से न तो शहर में धुआं किया जा रहा है और न ही लार्वा मिलने पर उन पर जुर्माना किया जा रहा है। जून के बाद से हर दिन 80 से 100 घरों में लार्वा मिल रहा है। इसके बाद भी यह स्थिति है। कुछ घरों में तो साल में दो से तीन बार लार्वा मिल चुका है। उधर, स्वास्थ्य विभाग भी डेंगू को गंभीरता से नहीं ले रहा है। हाल यह है कि भोपाल में 85 वार्डों में सर्वे के लिए स्वास्थ्य विभाग की सिर्फ 44 टीमें काम कर रही हैं। मरीजों की संख्या भी पिछले चार सालों में इस साल सबसे ज्यादा है। जून में शहर में डेंगू के 17 मरीज मिल चुके हैं, जो 2018 के बाद सर्वाधिक है। इस महीने अभी अभी तक 14 मरीज मिल चुके हैं। शुक्रवार को एम्स में



हुई जांच में एक साथ सात मरीज मिल चुके हैं। इनमें तीन एम्स परिसर के ही हैं।

### यह है बड़ी चुनौती

इस साल पूरे शहर में मरीज मिल रहे हैं, जबकि पिछले साल सिर्फ करीब 15 कालोनियों में 10 से ज्यादा मरीज मिले थे। हर वार्ड में लार्वा सर्वे और मच्छरों को नष्ट करने के लिए कम से एक टीम होनी, चाहिए लेकिन सिर्फ 40 टीमें ही हैं। कुछ रहवासी घरों में लार्वा सर्वे करने वाली टीमों को घुसने ही नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार को भी बाणगंगा क्षेत्र में एक रहवासी ने विरोध किया था। भोपाल में डेंगू फैलाने वाले चारों तरह के वायरस डेन-1, डेन-2, डेन-3, डेन-4 सक्रिय हैं। इस कारण बीमारी फैलने के साथ ही मरीजों के गंभीर होने का खतरा भी ज्यादा रहता है।

### मलेरिया के एक ही दिन में दो मामले

बाणगंगा कोलोनी में शनिवार को मलेरिया के दो मामले सामने आए हैं। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की तरफ से यहां पर शिविर लगाकर फीवर सर्वे और जांच के लिए स्लाइड बनाए गए हैं। इन दोनों मामलों को मिलाकर इस साल अब तक मिले मरीजों की संख्या 11 हो गई है। दोनों मरीज वाइवैक्स मलेरिया से पीड़ित मिले हैं। अभी मरीजों की संख्या कम है।

**जरूरत लगी तो टीमों की संख्या और बढ़ाएंगे। नगर निगम के साथ भी बैठक हुई है। उनकी तरफ से पूरा सहयोग मिल रहा है।**

**- डा. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ, भोपाल**



# महापौर और पार्षदों को कलेक्टर दिलाएंगे शपथ

**भोपाल ( यश भारत )।** मध्यप्रदेश के 16 नगर निगम के निर्वाचित महापौर और पार्षदों को कलेक्टर शपथ दिलाएंगे। पहले सम्मेलन में अध्यक्ष के चुनाव से पहले यह शपथ ग्रहण कराई जाएगी। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को अधिकृत कर दिया है। आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया कि परिणाम की अधिसूचना जारी होने के 15 दिन के भीतर निर्वाचित महापौर और पार्षदों का सम्मेलन बुलाया जाएगा। इसमें कलेक्टर शपथ दिलाएंगे। इसके बाद ही महापौर शपथ ग्रहण करेंगे और पार्षद अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेंगे। यदि महापौर या पार्षद शपथ नहीं लेते हैं, तो यह समझा जाएगा कि उन्होंने अपना पद ग्रहण नहीं किया है।



# बीएड एवं डीएलएड के विद्यार्थियों को मिलेगा ब्रेल लिपि एवं सांकेतिक भाषा का प्रारंभिक ज्ञान

**भोपाल ( यश भारत )।** बीएड एवं डीएलएड के विद्यार्थियों को ब्रेल एवं सांकेतिक भाषा के प्रारंभिक ज्ञान की जानकारी अनिवार्य रूप से दी जाएगी। इस प्रकार पूरे प्रदेश में कम से कम 10 हजार शिक्षकों को प्रारंभिक ज्ञान का प्रशिक्षण कराया जाएगा। आइकफ आश्रम भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक धनराजू एस ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों से आए शिक्षक और मोबाइल स्त्रोत सलाहकार के ब्रेल लिपि तथा सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य शिक्षा केंद्र के सभी अधिकारियों को भी ब्रेल लिपि एवं सांकेतिक भाषा के प्रारंभिक ज्ञान का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचालक धनराजू ने प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी से अन्य पांच शिक्षकों और पांच बच्चों को ब्रेल लिपि और सांकेतिक भाषा का ज्ञान देने का लक्ष्य दिया। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 26 जुलाई तक प्रदेश के सभी जिलों से दो- दो शिक्षकों एवं दो-दो मोबाइल स्त्रोत सलाहकार का ब्रेल लिपि और सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रदेश के 104 शिक्षक एवं 104 मोबाइल स्त्रोत सलाहकार उपस्थित थे।

### ब्रेल लिपी के अनेकों टीएलएम का प्रदर्शन किया गया

प्रशिक्षणार्थियों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उनके द्वारा इस प्रकार का प्रशिक्षण कभी नहीं लिया गया है। यह प्रशिक्षण अद्भुत है। प्रशिक्षण के माध्यम से वह दृष्टिबाधित बच्चों को ब्रेल लिपि से पढ़ाने में अपने आप को सक्षम महसूस कर रहे हैं। श्रवण बाधित बच्चों की भारतीय सांकेतिक भाषा समझ कर इन बच्चों को भी पढ़ाने की योग्यता रख पा रहे हैं। राज्य शिक्षा केंद्र के अधिकारियों के सामने ब्रेल लिपि के अनेकों टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। सांकेतिक भाषा के नाटकों का प्रदर्शन भी प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने किया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

## अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष

वहीं, बीजेपी ने नगर निगम के अलावा नगर पालिका के 76 अलावा जिला पंचायत, जनपद पंचायत के लिए भी पर्यवेक्षों की लिस्ट जारी कर दी है। जिला पंचायत, जनपद पंचायत के लिए हर जिले में एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं।

### 29 जुलाई को होंगे जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत उपसरपंच, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए राज्य निवार्चन आयोग द्वारा शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके तहत आज से 26 जुलाई तक उप सरंपक्ष के लिए चुनाव होगा। जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए 27 और 28 जुलाई को और जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्याक्ष के लिए 29 जुलाई को चुनाव होंगे।

# वर्षा से खराब हुई सड़कों की मांगी रिपोर्ट कार्ययोजना बनाकर सुधार का होगा काम

**भोपाल ( यश भारत )।** मध्यप्रदेश में भोपाल सहित अन्य संभागों में वर्षा के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। भोपाल शहर और जिले में कई सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने सभी कार्यपालन यंत्रियों से दौरा करके वर्षा से खराब हुई सड़कों की रिपोर्ट मांगी है। इसके आधार पर सुधार कार्य की कार्ययोजना तैयार होगी। भोपाल परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय मस्के ने सभी कार्यपालन यंत्रियों से कहा है कि वे अपने क्षेत्र की सड़कों का निरीक्षण करें। जो सड़क क्षतिग्रस्त हुई है, उसकी रिपोर्ट तैयार कराएं। इसके आधार पर कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसी तरह अन्य



संभागों के मुख्य अभियंताओं से रिपोर्ट मांगी गई है। विभाग के सचिव आरके मेहरा और प्रमुख अभियंता नरेन्द्र कुमार रिपोर्ट के आधार पर अधिकारियों के साथ बैठक करके सुधार कार्य की कार्ययोजना तैयार करेंगे।

### भोपाल की क्षतिग्रस्त सड़कों को सुधारने चलेगा अभियान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव के निर्देश पर भोपाल शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों को सुधारने के लिए सोमवार से विशेष अभियान चलेगा। सात दिवसीय इस अभियान के प्रभारी संचालन के लिए प्रत्येक सड़क के निए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने बताया कि विशेष अभियान में राजधानी क्षेत्र की सभी सड़कों को शामिल किया जाएगा।



# तेंदूपत्ता संग्राहकों को 540 करोड़ रुपये पारिश्रमिक मिलेगा

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश के तेंदूपत्ता संग्राहकों को इस वर्ष 540 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक मिलेगा। इस वर्ष 16 लाख 29 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण के लक्ष्य की जगह 18 लाख दो हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ है।वन मंत्री डा.विजय शाह ने बताया कि प्रदेश में तेंदूपत्ता संग्रहण की दर ढाई हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई है। इसके कारण संग्राहकों को इस वर्ष पांच सौ करोड़ रुपये अधिक पारिश्रमिक मिलेगा। प्रदेश में राज्य लघु वनोपज संघ 80 जिला यूनियन और एक हजार 71 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों से तेंदूपत्ता संग्रहण का काम कराता है। इनसे 35 लाख संग्राहक जुड़े हैं। इनमें 50 प्रतिशत से ज्यादा संग्राहक अनुसूचित जनजाति परिवारों के हैं।

# कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने छोड़ी नि :शुल्क रेल यात्रा की सुविधा


### कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने कहा - बुजुर्गों की सुविधा रखें बहाल, विधानसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र, जनप्रतिनिधियों को मिल रही सुविधा पर उठाया सवाल।



**भोपाल ( यश भारत )।** केंद्र सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को रेल टिकट में दी जाने वाले छूट को बंद किए जाने के विरोध में पूर्व मंत्री व कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने विधायक के नाते मिलने वाली निश्शुल्क रेल यात्रा की सुविधा को छोड़ दिया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को पत्र लिखकर इसकी सूचना दी। साथ ही सांसद, विधायक और पूर्व जनप्रतिनिधियों को दी जा रही निश्शुल्क यात्रा की सुविधा पर सवाल उठाते हुए वरिष्ठ नागरिकों को पहले की तरह रेल टिकट में छूट की सुविधा को बहाल करने की मांग की।पटवारी ने कहा कि कोरोनाकाल के पहले तक 58 साल से ऊपर की महिला को रेल टिकट में 50 और 60 साल से अधिक के पुरुष को 40 प्रतिशत की छूट मिलती थी। कोरोनाकाल में इसे बंद किया गया और अब इस प्रतिबंध को आगे के लिए भी लागू कर दिया गया है। इसका आधार रेलवे को हो रहे घाटे को बताया जा रहा है, पर जनप्रतिनिधियों को रेल यात्रा पर दी जा रही छूट जारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद को पत्नी या पति के साथ प्रथम श्रेणी वातानुकूलित में निश्शुल्क यात्रा की सुविधा है। पूर्व सांसद को भी यही सुविधा मिलती है और पत्नी या पति के साथ द्वितीय श्रेणी की सुविधा प्राप्त है। कोरोनाकाल में भी यह बंद नहीं हुई। सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले पांच साल में सांसद और पूर्व सांसदों की रेल यात्राओं पर सरकार ने 62 करोड़ रुपये व्यय किए। इसी तरह विधायकों को सुविधा दी जा रही है। जबकि, इन्हें वेतन-भत्तों के साथ पेंशन की सुविधा प्राप्त है। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों को मिल रही सुविधा को बंद करना न्याय संगत नहीं है। इसलिए मैं विधायक के नाते मुझे मिल रही निश्शुल्क यात्राओं की सुविधाओं को छोड़ रहा हूं। उन्होंने सरकार से वरिष्ठ नागरिकों को पहले की तरह दी जा रही रेल टिकट पर छूट को बहाल करने की मांग की।

### मध्य प्रदेश में विधायकों को यह मिलती है सुविधा

राज्य के भीतर और बाहर अकेले प्रथम श्रेणी वातानुकूलित में यात्रा की सुविधा। एक साथी के साथ प्रथम श्रेणी या वातानुकूलित शयनयान द्वारा यात्रा, किसी भी रेल से राज्य के भीतर और राज्य के बार प्रति वित्तीय वर्ष में दस हजार किलोमीटर तक की यात्रा के लिए निश्शुल्क कूपन दिए जाएंगे। विधानसभा के सत्र या समिति की बैठक में हिस्सा लेने के लिए अपने निवास स्थान से विमान से बैठक स्थल तक पहुंचने के लिए वायुयान से यात्रा करता है तो किराए की प्रतिपूर्ति, राज्य के भीतर 34 बार वायुयान से यात्रा के किराए की प्रतिपूर्ति।



# नामी कंपनी के नकली पार्ट्स बेच रहे थे, दो दुकानदारों पर केस दर्ज

**भोपाल ( यश भारत )।** हनुमानगंज थाना इलाके में नामी कंपनी के नकली आटो पार्ट्स बेचने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने दो दुकानदारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के ।तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से नकली पार्ट्स भी बरामद किए हैं। आरोपितों के खिलाफ कापीराइट एक्ट के तहत कारवाई कर मामले की जांच की जा रही है। हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक 59 वर्षीय संजय कुमार भदौरिया प्रियंका नगर कोलार रोड पर रहते हैं। वह दिल्ली की कंसलटेंट इंडिया प्रायवेट लिमिटेड कंपनी में आपरेशन मैनेजर हैं। उनकी कंपनी को किर्लोस्कर कंपनी की तरफ से कंपनी के नाम पर नकली प्रोडक्ट बनाने और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है। संजय भदौरिया ने हनुमान गंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि कि छोला रोड स्थित मनीषा अर्थमूवर्स और श्री साई आटो पार्ट्स के संचालकों द्वारा किर्लोस्कर कंपनी के नाम पर लोकल कंपनी के एयर फिल्टर, आयल फिल्टर, डीजल फिल्टर तथा अन्य सामान बेचा जा रहा है। इस प्रकार उनकी कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ ही आम जनता के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। दोनों दुकानों से 32 नग आयल फिल्टर, पिस्टन रिंग छह नग, चार नग डीजल फिल्टर, गोदाम में रखे आयल फिल्टर के डिब्बे नौ नग, एयर फिल्टर के डिब्बे छह नग, डीजल फिल्टर के डिब्बे 46 नग जब्त किए गए। दोनों ही दुकानदारों शशिभूषण गुप्ता और राजकुमार सिरोलिया के खिलाफ धोखाधड़ी और आइटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। दोनों मामलों की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# किराएदार नहीं कर सकेगा मकान पर कब्जा

# भू-स्वामी को भी तंग करने का अधिकार नहीं

### मध्यप्रदेश सरकार भूस्वामी और किराएदार के अधिकार के संरक्षण के लिए विधानसभा में प्रस्तुत होगा किराएदारी अधिनियम विधेयक

### नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप तैयार किया प्रारूप, विभागों से मांगे सुझाव

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश में मकान मालिक और किराएदार के बीच होने वाले विवाद को समाप्त करने के लिए शिवराज सरकार विधानसभा के मानसून सत्र में मध्य प्रदेश किराएदारी अधिनियम प्रस्तुत करेगी। इसके लागू होने पर मकान मालिक बिना अनुबंध के किराएदार नहीं रख पाएंगे। अनुबंध की जानकारी किराया प्राधिकारी को दो माह के भीतर देनी होगी। कोई भी किराएदार मकान पर कब्जा नहीं कर सकेगा। निर्धारित अवधि के बाद उसे मकान खाली करना होगा। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो शिकायत होने पर सुनवाई करके बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मकान मालिक भी किराएदार को अनावश्यक रूप से तंग नहीं कर सकेगा। आवश्यक सेवाओं को बाधित करने पर मालिक के विरुद्ध कार्रवाई होगी। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मकान किराए पर दिए जाते हैं। मकान मालिक और किराएदार के बीच विवाद के मामले न्यायालय और पुलिस के पास पहुंचते हैं। केंद्र सरकार ने भूस्वामी और किराएदार के अधिकारों के संरक्षण के लिए सभी राज्यों को कानूनी प्रविधान करने के लिए दिशानिर्देश दिए थे। इसके अनुरूप नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नया मध्य प्रदेश किराएदारी अधिनियम का प्रारूप तैयार किया है। इसके अनुसार मकान मालिक और किराएदार को लिखित अनुबंध करते हुए इसकी जानकारी दो माह के अंदर किराया प्राधिकारी को देनी होगी। अनुबंध के अनुसार किराया बढ़ाया जाएगा और यदि किराएदार देने से इन्कार करता है तो इसकी शिकायत किराया अधिकरण में की जा सकेगी। भूस्वामी मकान के लिए दो माह और गैर आवसीय भूखंड के लिए छह माह का अग्रिम ले सकेगा। अनुबंध समाप्ति के समय या तो समायोजित किया जाएगा या फिर इसे वापस किया जाएगा। निर्धारित अवधि के बाद किराएदार को मकान या भूखंड खाली करना होगा। युद्ध, बाढ़, सूखा, तूफान, भूकंप या कोई अन्य प्राकृतिक आपदा की स्थिति है तो अवधि समाप्त होने पर भी किराएदार से मकान खाली नहीं कराया जाएगा पर उसे अनुबंध के अनुसार किराया देना होगा। किराएदार की मृत्यु होने पर उसके उत्तराधिकारी को रहने का अधिकार होगा पर उसे भी अनुबंध का पालन करना होगा।

### किराएदार किसी और को नहीं बना सकते उप किराएदार

किराएदार बिना भूस्वामी की सहमति के किसी और को किराएदार नहीं रख सकेगा। यदि दोनों के बीच सहमति बनती है तो उप किराएदार रखा जा सकता है और इसकी सूचना भी किराया प्राधिकारी को देनी होगी। किराएदार अनुबंध समाप्त होने के बाद भी मकान खाली नहीं करता है तो प्रथम दो माह तक दोगुना और इसके बाद चार गुना मासिक किराया देना होगा।



### मकान मालिक कभी भी नहीं कर सकेगा प्रवेश

मकान किराए पर देने के बाद मकान मालिक को यह अधिकार नहीं रहेगा कि वह कभी भी परिसर में प्रवेश करे। यदि आवास में मरम्मत या अन्य कार्य करवाने, निरीक्षण या अन्य किसी कारण से प्रवेश करना है तो कम से कम चौबीस घंटे पहले सूचना देनी होगी। किराएदार को तंग करने के लिए भूस्वामी आवश्यक सेवा (जल, विद्युत, पाइप कुकिंग गैस की आपूर्ति, मार्ग, लिफ्ट, सीढ़ियों पर प्रकाश, सफाई व्यवस्था, पार्किंग, संचार माध्यम, स्वच्छता सेवाएं और सुरक्षा संबंधी सुविधाएं) की आपूर्ति नहीं रोकेगा। ऐसे मामले में शिकायत होने पर किराया प्राधिकरण उसकी जांच करके सेवाओं की आपूर्ति बहाल करने का आदेश देगा।

किराया प्राधिकारी डिप्टी कलेक्टर स्तर से कम का अधिकारी नहीं होगा।प्रत्येक जिले में जिला अथवा अपर जिला न्यायाधीश को किराया अधिकरण नियुक्त किया जाएगा। इन्हें साठ दिन के भीतर आवेदन का निराकरण करना होगा। आदेश का पालन करने के लिए स्थानीय निकाय या पुलिस की सहायता ले सकेंगे। परिसर का कब्जा दिलाने या वसूली के लिए कुर्की भी करा सकेंगे।

### भू-स्वामी का उत्तरदायित्व

मकान मालिक को पुताई, दरवाजों एवं खिड़कियों की पेंटिंग करानी होगी। जब आवश्यकता हो नल के पाइन की मरम्मत और बदलना, बिजली आपूर्ति प्रभावित होने पर उसे ठीक कराना होगा।

### किराएदार का दायित्व

नल का वाशर ठीक कराना या बदलवाना, नाली की सफाई , शौचालय, वाश बेसिन, नहाने के टब, गीजर, बिजली की बटन, दरवाजों, अलमारी, खिड़कियों की मरम्मत के अलावा उद्यान या खुले स्थान की रखरखाव।

### इन पर लागू नहीं होंगे प्रविधान

- केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकरण, किसरी सरकार उपक्रम, उद्यम या किसी कानूनी निकाय के स्वामित्व वाले परिसर। किसी कंपनी, विश्वविद्यालय या संगठन के स्वामित्व वाले किसी परिवार को अपने कर्मचारियों को सेवा संविदा के एक भाग के रूप में दिए गए परिसर।धार्मिक या ट्रस्ट के स्वामित्व वाले परिसर। वक्फ अधिनियम के अधीन पंजीकृत या पंजीकृत न्यास के स्वामित्व वाले परिसर। ऐसे भवन, जिन्हें शासन ने लोकहित में छूट दी गई हो।

# उपेक्षा का दंश झेल रहा ऐतिहासिक रूपनाथधाम




## राष्ट्रीय संरक्षित धरोहर होने के बाद भी विकास की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान

कटनी, यशभारत। राज्य सरकार, पर्यटन एवं पुरातात्विक विभाग की उदासीनता के चलते जिले में स्थित कई ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। जिसमे बहोरीबंद तहसील का प्रसिद्ध रूपनाथ धाम भी है। जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर की दूरी स्थित रूपनाथधाम न केवल धार्मिक बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी काफी महत्वूर्ण स्थान है, इसके बाद इसके जीर्णोद्धार की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्राकृतिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से समृद्ध रूपनाथ धाम में कभी धम्मघोष गूंजा था। सम्राट अशोक ने बौद्ध धर्म ग्रहण करने के बाद यहीं धम्म घोष किया था। उसका पाली भाषा व ब्राही लिपि में अंकित शिलालेख आज भी यहां मौजूद है। यहीं भगवान शिव का विशेष स्थान है और प्राकृतिक रूप से बने तीन कुंड इसे खास बनाते हैं।

## बौद्ध धर्म ग्रहण करने के बाद यहीं धम्म घोष किया था सम्राट अशोक ने

बहोरीबंद तहसील के रूपनाथधाम में सम्राट अशोक का शिलालेख स्थित हैं। सम्राट अशोक शिलोत्कीर्ण धर्मादेशों में एक तीसरी शताब्दी ईस्वी पूर्व का शिलालेख यहां प्राप्त हुआ है। यह शिलालेख साढ़े चार फुट लंबा और 1 फीट चौड़ा है। इसमें ब्राम्ही लिपि तथा पाली भाषा में 6 पंक्तियां हैं। इसका पुरातत्व विभाग ने हिंदी रूपांतर भी किया है। बताया जाता है कि भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट देवानांप्रिय अशोक मौर्य सम्राट अशोक बहोरीबंद के समीप स्थित रूपनाथ में रुके थे। उनका बौद्ध धर्म के साथ मध्य प्रदेश से भी गहरा रिश्ता था। आज भले ही यह स्थान पुरातत्व, पर्यटन और प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहा हो, लेकिन यह स्थान आज भी प्राचीन इतिहास को संजोए है। यहां पर मर्यादा पुरूषोत्तम राम, सीता और लक्ष्मण कुंड के साथ शिव मंदिर अपना एक अलग महत्व रखता है। भगवान शिव की पंचलिंग की आकर्षक प्रतिमा यहीं है। पहाड़ पर एक-दूसरे के ऊपर बने तीन कुंड देखे जा सकते हैं। सबसे निचले कुंड को लक्ष्मण कुंड, बीच वाले को सीता कुंड और सबसे ऊपर वाले कुंड को राम कुंड कहा जाता है।





### मौर्य वंश की एकमात्र धरोहर

वैभवशाली रूप में पूरे महाकोशल में रूपनाथ ही इकलौता ऐसा स्थान है, जहां अशोक के मौर्यवंश का प्रमाण मिलता है। लिहाजा इसे पुरातत्व विभाग ने अपने अधीन ले लिया है। इसे राष्ट्रीय संरक्षित धरोहर के रूप मे घोषित किया गया है, लेकिन इसका विकास नहीं हो सका है। श्रद्धालु शिवभक्त राजेश रजक ने कहा कि अशोक का शिलालेख पाली भाषा और ब्राह्मी लिपी में है। इसका ऐतिहासिक महत्व है। पर्यटन की दृष्टि से इस क्षेत्र का उन्यन किया जा सकता है। शासन प्रशासन अगर ध्यान दें तो रूपनाथ धाम को पर्यटन के रूप में विकसित किया या जा सकता है। मंदिर के ऊपर पहाड़ी में तालाब भी है, जिसमें नौका विहार और पहाड़ी में सौंदर्यकरण किया जा सकता है।

# वर्षा जल निकासी के किए गए प्रयास

### सफाई के साथ-साथ डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य जारी

**कटनी, यशभारत।** विगत संध्या हुई बारिश के दौरान नगर के सार्वजनिक मार्गों में जलप्लावन की स्थिति उत्पन्न न हो इस हेतु निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में निगम का स्वास्थ्य अमला मुस्तैदी से तैनात रहा। मंगल नगर पुलिया, फारेस्टर वार्ड रंगनाथ मंदिर रोड आदि स्थलों में जलभराव की जानकारी प्राप्त होने पर शीघ्रता से जल निकासी के प्रयास किए गए। इसके साथ ही स्टेशन रोड से मिशन चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, विश्वकर्मा पार्क आदि सार्वजनिक मार्गों की सफाई का कार्य कराया गया।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान कुठलाए नदी पार मुख्य मार्ग, बस स्टैंड परिसर की सफाई एवं यात्री प्रतीक्षालय की धुलाई, कैलवारा फाटक मैन रोड, नदी पार प्रजापति मोहल्ला काली देवी मंदिर के पास, जालपा देवी वार्ड तथा महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड विभिन्न स्थलों, मिशन चौक, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला, बरगवां मुख्य मार्ग सहित नगर के विभिन्न पॉइंटों धंति बाई स्कूलए आजाद चौक सुलभ काम्प्लेक्स एघंटाघर, साधुराम स्कूल, स्टेट बैंक, सिविल लाइन आदि पॉइंटों की सफाई के साथ-साथ डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किए गए।



### नाले-नालियों की सफाई अनवरत जारी

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वर्षा ऋृतु में नगर के सार्वजनिक मार्गों में जलभराव की समस्या उत्पन्न ना हो इस हेतु निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा रोजाना नाले-नालियों की सफाई करानें के निर्देश प्रदान किए गए हैं। निर्देशों के परिपालन में नगर के विभिन्न स्थलों पहरुआ खेरमाई माता मंदिरए नदी पार बल्लभ नगर के विभिन्न स्थलों की नालियोंए जालपा देवी वार्ड दौलती देवी धर्मशाला के पास एवं तिलक राष्ट्रीय स्कूल मुख्य मार्ग, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड नगरिया गली, फॉरेस्टर वार्ड मोहन सिंधी के घर के सामने सहित माधव नगर के विभिन्न स्थलों में नाला सफाई टीम द्वारा अपशिष्ट की सफाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किए गए।

# अज्ञात ट्रेक्टर ने मारी ठोकर दो घायल

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चांदन के पास एक ट्रैक्टर चालक ने ठोकर मारकर दो मोटर साइकिल सवारों को घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चादन के पास अज्ञात ट्रैक्टर ने मोटर साइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी है। ठोकर लगने से बड़ा गांव निवासी बलदेव एवं सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# मुक्तिधाम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का पौधरोपण कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** नदीपार स्थित मुक्तिधाम में आज 23जुलाई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दिनेश नौटिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी अनुज संत ओरिया की उपस्थिति में अजय सरावगी सर्प विशेषज्ञ गौसेवक सतीश सोनी के सहयोग से कटनी फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया जिसमें अशोक के पौधे अनार, अमरूद व अन्य पौधों का रोपण किया गया। पीएलबी श्रीमती प्रीति सेन, मधु सिंह, धनंजय त्रिपाठी, राम नायक, अक्षत बजाज, सचिन जैन, रामनिवास पांडे, पत्रकार भवानी तिवारी, अथर्व तिवारी अन्य लोगों की उपस्थिति रही।



# निर्धन छात्राओं को बांटी शैक्षणिक सामग्री



**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग शाखा कटनी के द्वारा शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्था के द्वारा अपने सामाजिक कार्यों की श्रंखला में एक नवीन कड़ी जोड़ते हुए कटनी नगर की ख्याति प्राप्त जैन सन्मति सागर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की निर्धन छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरण के तहत निःशुल्क कॉपियों का वितरण किया गया, इसमें परिषद की बहनें प्रांतीय सह सचिव श्रीमती शशि जैन, अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन, सचिव श्रीमती मंजू जैन, प्रांतीय प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी जैन, प्रांतीय चेयर पर्सन श्रीमती अंजू जैन, सीमा चौधरी, प्रीति पटवारी, अर्चना जैन, पिंकी जैन, एकता जैन, सुमन जैन, मंजू सुविधा, शुभा, वंदना, आरती एवं परिषद की चेयर पर्सन श्रीमती बविता जैन, श्रीमती नीता जैन की उपस्थिति रही

# यूथ महापंचायत के राज्य स्तरीय आयोजन का देखा गया लाइव प्रसारण





**कटनी,यशभारत।** चंद्रशेखर आजाद की 116वीं जयंती के अवसर पर भोपाल में राज्य स्तरीय यूथ पंचायत का आयोजन शनिवार को किया गया। युवाओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित यूथ पंचायत में जिले से भी आठ युवाओं का दल शामिल हुआ है। उच्चशिक्षा विभाग के निर्देशानुसार यूथ पंचायत के राज्य स्तरीय आयोजन का सभी शासकीय, अशासकीय व अनुदान प्राप्त कॉलेजों में सीधा प्रसारण किया जाना था। जिसको लेकर जिले के सभी कॉलेजों में एलईडी के माध्यम से लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई। कॉलेजों में छात्रों व स्टॉफने यूथ पंचायत का लाइव प्रसारण देखा।

### जिले के चयनित युवा करेंगे बार्डर का भ्रमण

भोपाल में आयोजित युवा पंचायत के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला स्तर पर चयनित हुए सभी युवाओं को मां तुझे प्रणाम योजना के तहत बार्डर का भ्रमण कराने की घोषणा की। जिले से शासकीय कॉलेजों व नेहरू युवा केन्द्र संगठन से जुड़े आठ युवाओं का चयन जिला स्तर से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान की घोषणा अनुसार जिले के आठ युवाओं का दल भी बार्डर के भ्रमण पर जाएगा।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# शाई होप और तेज गेंदबाजों की बदौलत अंत तक लड़ी वेस्टइंडीज

## अक्षर ने छीना मैच

**त्रिनिदाद ( एजेंसी )।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मैच टीम इंडिया ने दो विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ सीरीज भारत के नाम हो गई और वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार 12 सीरीज जीतने का रिकॉर्ड भी भारत के नाम हो गया। इस मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने जीत की पूरी तैयारी कर ली थी। पहले 300 से ज्यादा का स्कोर बनाया फिर 205 रन के अंदर भारत की आधी टीम को आउट कर दिया, लेकिन अक्षर पटेल ने अपने दम पर मैच पलट दिया और भारत को जीत दिला दी। अक्षर की शानदार बल्लेबाजी भारत के लिए सुखद पहलू है। उनके अलावा संजू सैमसन, श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल ने भी शानदार बल्लेबाजी की। खास बात यह है कि इनमें से किसी भी खिलाड़ी की जगह मुख्य टीम में पक्की नहीं है, लेकिन मौका मिलने पर ये खिलाड़ी कमाल कर रहे हैं। इससे साफ है कि भारत की बेंच स्ट्रेंथ बेहद मजबूत है और बड़े टूर्नामेंट में टीम इंडिया को इसका फायदा मिलेगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की सलामी जोड़ी ने 65 रन जोड़े। इसके बाद यह साफ था कि कैरिबियाई टीम बड़ा स्कोर बनाने वाली है। हालांकि 130 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद विंडीज टीम मुश्किल में दिख रही थी। चौथे विकेट के लिए शाई होप और कप्तान पूरन ने 117 रन की साझेदारी कर वेस्टइंडीज को मैच में काफी आगे कर दिया। इसी वजह से टीम ने 311 रन का स्कोर बनाया। वेस्टइंडीज की धरती में इससे बड़े स्कोर का पीछा सिर्फ दो बार हुआ था। ऐसे में भारत की जीत तय लग रही थी। बड़े लक्ष्य के दवाब में भारत का टॉप ऑर्डर फेल रहा और 79 के स्कोर पर तीन विकेट गिर गए थे। वेस्टइंडीज की जीत तय लग रही थी, लेकिन श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने 99 रन की साझेदारी कर भारत की वापसी कराई। श्रेयस के आउट होने के बाद संजू भी पवेलियन लौट गए और टीम इंडिया नियमित अंतराल पर विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गई। ऐसे में अक्षर ने एक छोर से आक्रामक बल्लेबाजी शुरू की और 35 गेंद पर 64 रन बनाकर भारत को मैच जिता दिया। भारत के कप्तान शिखर धवन का प्रदर्शन इस मैच में कुछ खास नहीं रहा। उन्होंने 31 गेंदों में सिर्फ 13 रन बनाए। इसमें कोई चौका-छक्का शामिल नहीं था। वहीं, गेंदबाजी के दौरान भी वो अपने खिलाड़ियों का सही इस्तेमाल नहीं कर पाए और वेस्टइंडीज ने 300 से ज्यादा का स्कोर बनाया। वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन के लिए यह मैच अच्छा रहा। पहले बल्ले के सात उन्होंने 77 गेंद में 74 रन बनाए। इसके बाद अपने गेंदबाजों का सही इस्तेमाल कर लगभग जीत हासिल कर ली थी, लेकिन अक्षर ने मैच पलट दिया।






# टॉप-8 में आने वाले राज्यों की टीमें सीधे 36वें राष्ट्रीय खेलों में करेंगी प्रतिभाग

**मुंबई ( एजेंसी )।** गूलरभोज में होने वाली 33वीं राष्ट्रीय सीनियर कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता को भारतीय कयाकिंग कैनोइंग एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय खेलों का क्वालीफायर राउंड बना दिया गया है। अब इस प्रतियोगिता में टॉप-8 में आने वाले राज्यों की टीमें गुजरात में होने वाली 36वें राष्ट्रीय खेलों में सीधे प्रतिभाग करेंगी। 22 से 25 अगस्त को गूलरभोज के बौर जलाशय में होने वाली राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में टॉप-8 में आने वाली टीमें गुजरात में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए क्वालीफाई कर जाएंगी। उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डीके सिंह ने बताया कि पहली बार ऐसा होगा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों को लेकर खिलाड़ियों को क्वालीफायर राउंड खिलाया जाएगा। कहा कि भारतीय कयाकिंग कैनोइंग एसोसिएशन की ओर से राज्य को बहुत बड़ी उपलब्धि दी गई है। कई वर्षों से एसोसिएशन की ओर से कैनो स्प्रिंट खेल को लेकर बौर जलाशय में संभावनाएं तलाशी जा रही थीं।



### 35 खिलाड़ियों को दिया जा रहा कयाकिंग, कैनोइंग का प्रशिक्षण

बौर जलाशय में 22 से 25 अगस्त तक होने वाली राष्ट्रीय कयाकिंग व कैनोइंग प्रतियोगिताओं के लिए प्रदेशभर के 35 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ओलंपिक महासंघ के महासचिव डीके सिंह ने बताया कि प्रदेश के पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, देहरादून व टिहरी के 54 खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया था। इनमें से चयनित 35 खिलाड़ियों को तीन अगस्त तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद अंतिम चयन ट्रायल तीन तारीख को प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन किया जाएगा। कयाकिंग कैनोइंग का प्रादेशिक ट्रायल एनआईएस कोच और पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार एवं अमित चौधरी की देखरेख में हुआ। प्रशिक्षण शिविर के लिए सात महिला और 28 पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

# शतरंज ओलंपियाड शुरू होने में 3 दिन बाकी

## परीक्षण प्रतियोगिता में 1414 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**मुंबई ( एजेंसी )।** शतरंज ओलंपियाड का 44वां टूर्नामेंट शुरू होने में अब जब सिर्फ चार दिन बचे हैं तब तैयारियों का जायजा लेने के लिए रविवार को चेन्नई में परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से पहले शहर में रविवार को ओलंपियाड की विशेष दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें कई हजार लोगों ने हिस्सा लिया। एमए सुब्रमण्यम, टीएम अनबरासन और पीके शेखर बाबू जैसे राज्य मंत्री भी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद थे। विभिन्न आयु वर्ग में हुई प्रतियोगिता में एक हजार 414 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजकों ने दावा किया कि 1414 खिलाड़ियों के साथ परीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन करके नोबल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल होने का प्रयास किया गया। शतरंज ओलंपियाड का आयोजन पहली बार भारत में हो रहा है। ओलंपियाड में 180 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत ओपन और महिला दोनों वर्ग में अपनी तीन-तीन टीम उतारेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां नेहरू इंडोर स्टेडियम में 28 जुलाई को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की मौजूदगी में प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। मुकाबले 29 जुलाई से खेले जाएंगे जो 10 अगस्त तक चलेंगे।




# विराट कोहली ने नीरज चोपड़ा को दी बधाई

**मुंबई ( एजेंसी )।** जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने रविवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। जेवलिन थ्रो के फाइनल में नीरज ने 88.13 मीटर के थ्रो के भारत को ओलंपिक में पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाले शूटर अभिनव बिंद्रा ने कहा- नीरज चोपड़ा को रजत जीतने पार बहुत-बहुत बधाई। आपने हमें गर्व महसूस कराया है। शानदार काम और आगे की सीजन के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। वहीं, बजरंग पूनिया ने लिखा- भाई नीरज चोपड़ा को वर्ल्ड चैंपियनशिप में ऐतिहासिक सिल्वर मेडल जीतने पर आपको ढेर सारी शुभकामनाएं। आप ऐसे ही देश के लिए मेडल जीतते रहें। भगवान से यही प्रार्थना है।भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने लिखा- नीरज चोपड़ा को बधाई। आप करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व ड्रैग फ्लिकर संदीप सिंह ने कहा- बधाई नीरज चोपड़ा। ऐतिहासिक रजत पदक। ओलंपिक चैंपियन नीरज ने वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता। वहीं, इस प्रतियोगिता में भारत को पहला मेडल दिलाने वालीं अंजू बॉबी जॉर्ज ने भी नीरज पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अंजू फिलहाल एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट भी हैं। उन्होंने ट्विटर पर लिखा- नीरज चोपड़ा इस जादुई पल के लिए बधाई। पदक विजेताओं के ग्रुप में आपका स्वागत है। काफी इंतजार करना पड़ा। एएफआई इंडिया, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और अनुराग ठाकुर को समर्थन के लिए धन्यवाद। अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 पेरिस वर्ल्ड चैंपियनशिप में लॉन्ग जंप में कांस्य पदक जीता था। वह इस प्रतियोगिता में ऐसा करने वालीं भारत की पहली एथलीट बनी थीं। अब नीरज चोपड़ा का अगला लक्ष्य राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए पदक जीतना होगा। राष्ट्रमंडल खेलों की शुरुआत 28 जुलाई से हो रही है। इस बार यह खेल बर्मिंघम में खेले जाएंगे।

# धवन के सिर में लगी शेफर्ड की बाउंसर

## फिर चर्चा में रही संजू की विकेटकीपिंग




**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मैच भारत ने दो विकेट से जीत लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 311 रन बनाए थे और भारत ने आठ विकेट खोकर लक्ष्य का पीछा कर लिया। अक्षर पटेल ने 35 गेंद में नाबाद 64 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज के शाई होप ने शतकीय पारी खेली, लेकिन उनका शतक बेकार गया और उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के दौरान शिखर धवन के सिर पर बाउंसर लगी और अगली गेंद पर वो आउट हो गए। वहीं, विराट कोहली के फैंस ने उन्हें याद किया और मैच में उनकी कमी खली। संजू सैमसन की विकेटकीपिंग इस मैच में फिर चर्चा का विषय बनी रही। यहां हम इस मैच के ऐसे ही रोमांचक पल तस्वीरों में दिखा रहे हैं। वेस्टइंडीज पर भारत की जीत के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ी बेहद खुश नजर आए। सभी खिलाड़ियों ने पहले खड़े होकर जश्न मनाया फिर अक्षर पटेल के गल लगकर उन्हें शानदार पारी की बधाई दी। अक्षर ने इस पारी के बाद टीम इंडिया में अपनी जगह मजबूत की है। जडेजा के न रहने पर उन्हें मौका मिलना तय है। विराट कोहली के फैंस इस मैच के दौरान स्टेडियम में पोस्टर लेकर पहुंचे थे। वेस्टइंडीज दौरे पर विराट कोहली भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, वो खराब फॉर्म से भी जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। भारतीय टीम के ऑलराउंडर दीपक हुड्डा इस मैच में प्रसिद्ध कृष्णा की जर्सी पहनकर मैच खेलने उतरे। उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों के साथ उपयोगी योगदान दिया, लेकिन उन्होंने कृष्णा की जर्सी क्यों पहनी इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि, कृष्णा की जर्सी का नंबर 24 है, जो क्रुणाल पांड्या भी भारत के लिए पहन चुके हैं। ऐसे में फैंस ने उनके मजे ले लिए। वेस्टइंडीज के खिलाड़ी इस मैच में हार के बाद बेहद निराश नजर आए। कैरिबियाई टीम ने इस मैच में जीत के लिए हर संभव कोशिश की थी और अंत तक मैच में बनी हुई थी, लेकिन आखिरी ओवर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद सभी खिलाड़ी निराश हो गए। संजू सैमसन ने इस मैच में भी अच्छा प्रदर्शन किया। पहले अपनी विकेटकीपिंग से प्रभावित किया फिर अर्धशतकीय पारी भी खेली। वेस्टइंडीज में भी संजू सैमसन के फैंस दिखाई दिए। ये फैन संजू के लिए पोस्टर लेकर स्टेडियम में पहुंचे थे। इस मैच के दौरान रोमारियो शेफर्ड की एक बाउंसर गेंद बल्लेबाज शिखर धवन के हेलमेट पर लगी और उनके हेलमेट की पट्टी बाहर आ गई। हालांकि, धवन को कोई चोट नहीं आई, लेकिन वो अगली ही गेंद पर आउट हो गए। पहले वनडे में अपनी विकेटकीपिंग से भारत को जीत दिलाने वाले संजू सैमसन ने दूसरे मैच में भी शानदार विकेटकीपिंग की और 10-12 रन बचाए। उनकी विकेटकीपिंग इस मैच में भी चर्चा का विषय रही और उनके फैंस ने सोशल मीडिया पर जमकर उनकी तारीफ की। इस मैच में भारत को जीत दिलाने के बाद अक्षर पटेल ने मोहम्मद सिराज को गले लगा लिया। भारत की हार लगभग तय हो चुकी थी, लेकिन अक्षर ने कमाल की पारी खेली और टीम इंडिया को जीत दिला दी। अक्षर खुद यह पारी लंबे समय तक याद रखेंगे। वेस्टइंडीज के शाई होप ने इस मैच में शतकीय पारी खेली और उनकी टीम ने 311 रन का स्कोर बनाया। खास बात यह थी कि यह होप का 100वां वनडे मैच था और उन्होंने शतक लगाया। वो ऐसा करने वाले 10वें बल्लेबज बने। उनसे पहले भारत के शिखर धवन ने ऐसा किया था।

# बेटे के फोटोशूट में हुक्का रखना भारती सिंह को पड़ा भारी

### भारती अलग-अलग लुक और अंदाज में अपने बेटे की फोटोज फैंस के साथ साझा करती रहती हैं।







## नेटिजन्स ने सुना डाली खरी-खोटी

**मुंबई ( एजेंसी )।** मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया बीते कुछ महीने पहले ही अपनी पहली संतान के माता-पिता बने हैं। अपने बच्चे के जन्म के बाद से ही दोनों अपना पेरेंटहुड एंजॉय कर रहे हैं। बेटे को कई समय से लोगों से छिपाकर रखे के बाद अब इस कपल ने फैंस को अपने बेटे की झलक दिखा दी है। इसके साथ ही अब भारती और हर्ष समय-समय पर अपने बेटे की लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के साथ साझा करते रहते हैं। इस क्रम में अब हाल ही में भारती ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे की एक नई तस्वीर शेयर की है। भारती अलग-अलग लुक और अंदाज में अपने बेटे की फोटोज फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। इसी क्रम में हाल ही में शेयर की गई तस्वीर में भी उनके बेटे का एक अलग अंदाज देखने को मिला। शेयर की गई तस्वीर में भारती सिंह का बेटी लक्ष्य सफेद रंग के कपड़े में लिपटा हुआ कुर्सी पर बैठा नजर आ रहा है। लेकिन इस तस्वीर ने एक चीज ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। दरअसल, इस फोटो में लक्ष्य के बगल में एक हुक्का रखा नजर आया। लक्ष्य की इस फोटो को हर बार फैंस का प्यार और दुलार मिलता है, लेकिन इस बार फोटो में हुक्का देख फैंस भारती से थोड़ा नाराज नजर आए। तस्वीर में दिख रहे हुक्के को देख एक यूजर ने कहा, 'बच्चा बहुत प्यारा लग रहा है, लेकिन हुक्का स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होता है, यह बिल्कुल अच्छा नहीं है।' वहीं, एक सोशल मीडिया यूजर लिखा कि 'बाकी सब तो ठीक है लेकिन यह हुक्का किस खुशी में रखा है भाई।' इसके अलावा अन्य कई लोग भी इस हुक्के को देख सवाल करते दिखाई दिए। हालांकि, तस्वीर में नजर आ रहा हुक्का नकली है, फिर भी फैंस को यह कुछ खास पसंद नहीं आया। इससे पहले भारती ने अपने बेटे का हैरी पॉटर लुक में फोटोशूट कराया था, जिसे उनके फैंस ने काफी पसंद किया था। हालांकि, इस बार भारती का यह अंदाज फैंस का रास नहीं आया। गौरतलब है कि भारती सिंह-हर्ष लिंबाचिया ने दिसंबर 2017 में शादी की थी। भारती ने शादी के चार साल बाद यानी 2021 में कपल ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी, जिसके बाद अप्रैल में कपल ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया था।

## जंगल में पेड़ पर लटका मिला था वेयर हाऊस कर्मचारी का शव

# 21 दिन बाद हत्या व आत्महत्या सिद्ध नहीं कर पाई पुलिस



### परिजनों ने लगाए थे हत्या के आरोप, किया था चक्काजाम

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम पठरा व भदौरा के जंगल में 2 जुलाई को ग्राम भदौरा निवासी रविशंकर कुशवाहा की पेड़ से लटकते हुए शव बरामद होने के मामले में पुलिस अब तक यह सिद्ध नहीं कर पाई है कि यह हत्या है या फिर आत्महत्या। रविशंकर कुशवाहा युवक मझगवां ओपन कैप में सुपरवाइजर था। रविशंकर का शव मिलने के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने वेयरहाउस के कर्मचारियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए व बड़वारा पुलिस पर बेपरवाही का आरोप मढ़ते हुए कई घंटे तक चक्काजाम किया था। नेशनल हाइवे सहित बरही मार्ग में चक्काजाम किया था। इस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने मोर्चा संभाला। पुलिस अधिकारियों की समझाइश व निष्पक्ष जांच की मांग के बाद परिजन माने थे। परिजनों ने बड़वारा थाना में जांच न सौंपने की भी मांग रखी थी। इस मामले की जांच कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम कर रही है। 21 दिन बाद भी जांच पूरी नहीं हो पाई है कि आरिखकर किस वजह से युवक की मौत हुई है। परिजनों का कहना रहा कि किसी मामले में बड़वारा पुलिस युवक को थाने में पूछताछ के लिए ले गई थी। पूछताछ के दिन से ही युवक गायब रहा। परिजन अभी भी पुलिस की निष्पक्ष जांच की आस लगाए बैठे हैं।



### इनका कहना है

मामले की जांच जारी है। पीएम रिपोर्ट आ गई है, इसमें सुसाइड किया जाना बताया गया है। हार्ट की जांच के लिए मेडिको लीगल संस्थान भोपाल भेजा गया था, उसमें भी सामान्य रिपोर्ट आई है। कॉल डिटेल की जांच व पूछताछ होना बाकी है। शीघ्र ही मामले की जांच पूरी की जाएगी।

**अजय बहादुर सिंह, जांच अधिकारी।**



## रंजिशन वृद्ध पर लाठी से हमला

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बम्हौरी के भदई टोला में रंजिशन वृद्ध के सिर पर लाठी मारकर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने की घटना प्रकाश में आई है। परिजनों ने घायल वृद्ध को सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार जारी है। विजयराघवगढ़ थाने पहुंचे ग्राम बम्हौरी के भदई टोला निवासी उमा पांडेय ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसके ससुर गंगा प्रसाद पांडेय घर में थे। उसी दौरान गांव का ही हरीश सिंह गोड़ वहां पहुंचा और विवाद शुरू कर दिया। जब गंगा प्रसाद पांडेय ने अपशब्दों के प्रयोग पर विरोध प्रकट किया तो आरोपी ने मारपीट प्रारंभ कर दिया और सिर पर लाठी मारकर घायल कर दिया है। जान से मारने की धमकी दी।

## चोरी के सामान सहित तीन गिरफ्तार

### लोडर वाहन जप्त, कैमोर पुलिस की कार्रवाई



**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना क्षेत्र के श्रमधाम अमेहटा में बाउंड्री पार करके चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया है। कैमोर थाना प्रभारी सुदेश कुमार ने बताया कि चोरों ने बाउंड्री पारकर अंदर घुसे। लोहे के क्रेम एवं पाइप चोरी करके लोडर वाहन में लोड किया था। विकास सिंह की सूचना पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। विकास सिंह ने पुलिस को बताया कि चोरों को वाहन समेत उन्होंने रोककर रखा है। टीआई द्वारा पुलिस कर्मियों को भेजकर राजू गुप्ता, दीपक गुप्ता, दीपू गुप्ता, निवासी श्रमधाम अमेहटा को पकड़ा, जिनके द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोरी के सामान सहित लोडर वाहन भी पुलिस ने जप्त किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक व वृद्धा की मौत

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत शासकीय अस्पताल के सामने सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवम शर्मा की मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमपी-6317 की दुर्घटना में चोट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इसी प्रकार कुठला थाना अंतर्गत पन्ना मोड़ निवासी 70 वर्षीय स्वरदीप उर्फ स्वर्णजीत कौर पति जगमेल सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

## दो दिन लावारिस पड़ी रही विक्षिप्त की लाश

### सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस



**कटनी, यशभारत।** मुड़वारा रेलवे स्टेशन के समीप टीटी रेस्ट हाउस के सामने रविवार दोपहर एक अज्ञात युवक का शव नग्न अवस्था में मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार टीटी रेस्ट हाउस के समीप ही एक युवक का शव पाया गया है जो किसी विक्षिप्त व्यक्ति का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया है कि लाश को श्वान नोंच रहे थे और इस मामले में ना तो जीआरपी पुलिस और ना ही कोतवाली पुलिस कोई कार्रवाई कर रही थी। जब कुछ लोगों ने सोशल मीडिया में घटना की जानकारी वायरल की तब जाकर के कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई और शव को कब्जे में लेकर के जांच शुरू की है। उपनिरीक्षक धनंजय पांडे ने बताया कि स्थानीय लोगों ने जानकारी दी है कि एक यहां पर विक्षिप्त युवक रह रहा था जो कपड़े नहीं पहनता था। मिट्टी घास उखाड़ कर अपने ऊपर डालता था और यहीं पर घूमता रहता था। 2-3 दिन पहले तक वह यहीं पर था। 2 दिन से उसका पता नहीं चल रहा था, जिसकी रविवार को लाश मिली है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। युवक की शिनाख्त भी नहीं हो पाई है।

### इनका कहना है

सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया गया है। शिनाख्तगी के लिए शव मर्चुरी में रखवाते हुए जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह शव एक विक्षिप्त युवक का है। तीन दिन पहले तक वह यहीं पर घूम रहा था। मामले की जांच की जा रही है।

**अजय बहादुर सिंह, टीआई कोतवाली।**

## शहर के सैकड़ों यात्रियों को मिलेगी सुविधा

कटनी, यशभारत। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। अतिरिक्त यात्री यातायात कम करने के लिए गाड़ी संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति के बीच साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन कटनी होकर चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे शहर के सैकड़ों यात्रियों को सुविधा मिलेगी। यह स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन से प्रारंभ होकर होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव लेगी।

## कटनी होकर चलेगी रानी कमलापति अगरतला फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन



रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 4 अगस्त से 29 सितंबर तक 9 फेरे प्रत्येक गुरुवार को 15:30 बजे रानी कमलापति स्टेशन से प्रारंभ होकर होशंगाबाद 16:28 बजे, इटारसी 17:05 बजे, पिपरिया 18:13 बजे, गाडरवारा 19:13 बजे, नरसिंहपुर 19:43 बजे, जबलपुर 21:15 बजे, कटनी 22:50 बजे, मैहर 23:46 बजे, अगले दिन सतना 00:05 बजे और तीसरे दिन 20 बजे अगरतला स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन 7 अगस्त से 2 अक्टूबर तक तक 9 फेरे प्रत्येक रविवार को 15 बजे अगरतला स्टेशन से प्रारंभ होकर तीसरे दिन सतना 08:05 बजे, मैहर 08:35 बजे, कटनी 09:20 बजे, जबलपुर 10:40 बजे, नरसिंहपुर 11:58 बजे, गाडरवारा 12:30 बजे, पिपरिया 13:05 बजे, इटारसी 14:40 बजे, होशंगाबाद 15:08 बजे और 16:35 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों में होगा ठहराव

रानी कमलापति से अगरतला के बीच यह ट्रेन होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नौगचिया, कटिहार, किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू बोंगाईगांव, रंगिया, गौहाटी, चापरमुख, न्यू हाफलांग, बदरपुर जंक्शन, न्यू करीमगंज, धर्मानगर, कुमारघाट, अम्बासा एवं टेलियामुरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### इस प्रकार रहेगी कोच पोजीशन

इस ट्रेन में 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 12 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी, 02 एसएलआरडी सहित 24 कोच रहेंगे।



## आज और कल रद्द रहेगी रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस

**कटनी, यशभारत।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 11754/11753 रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस आज 25 जुलाई व कल 26 जुलाई को निरस्त रहेगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 11754 रीवा से इतवारी एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन रीवा से आज 25 जुलाई को तथा वापसी में गाड़ी संख्या 11753 इतवारी से रीवा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन इतवारी से कल 26 जुलाई को निरस्त रहेगी।

## 10वीं में फेल छात्र ने लगाई फांसी

### डीएव्ही स्कूल कुटेश्वर का छात्र था मृतक अमन

**बरही, यशभारत।** डीएव्ही स्कूल कुटेश्वर में अध्ययनरत एक छात्र फांसी के फंदे में झूलकर मौत को गले लगा लिया। बताया गया है कि ग्राम गैरतलाई निवासी सुनील दाहिया का पुत्र अमन दाहिया का परीक्षा परिणाम निराशाजनक आने से वह निराश हो गया। वह 10 के रिजल्ट में फेल हो गया था। निराश छात्र अमन ने बीती रात अपने घर के पंखे के सहारे फांसी के फंदे में झूल गया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अधिकार में लेते हुए पंचनामा कार्यवाई उपरान्त पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर मर्ग कायम करते हुए मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### इधर स्कूल की हुई छुट्टी

छात्र की मौत की खबर से स्कूल में मातम पसर गए। आज स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों को कंडोलेन्स उपरान्त वापस घर भेज दिया गया।

## कांग्रेस की आभार बैठक में हार को लेकर नेताओं में विवाद

### लगाए आरोप-प्रत्यारोप, वरिष्ठ नेताओं ने किया हस्तक्षेप

**कटनी, यशभारत।** महापौर चुनाव में मिली हार के बाद कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने के लिए आयोजित बैठक में विवाद हो गया। हार के कारणों को लेकर नेता आपस में ही उलझते रहे और एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। वरिष्ठ नेताओं की समझाईश के बाद भी जब नेता नहीं माने तो कई नेता बैठक छोड़कर चले गए। बैठक का आयोजन कांग्रेस महापौर प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल द्वारा 24 जुलाई को मंगलभवन, घंटाघर में किया गया था। महापौर प्रत्याशी श्रेहा खंडेलवाल ने समस्त कांग्रेसजनों का चुनाव में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इसके बाद कुछेक युवा नेताओं द्वारा महापौर चुनाव में मिली हार को लेकर कतिपय वरिष्ठ नेताओं पर काम नहीं करने के आरोप लगाए गए, जिसको लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मंच पर बैठे नेताओं ने किसी का नाम नहीं लेने की समझाईश दी, लेकिन इसके बाद भी खुलेआम आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। युवा नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि महापौर उम्मीदवार को केवल 3 वार्डों में बढ़त मिली, जबकि कांग्रेस के 15 वार्ड पार्षद निर्वाचित हुए, 12 उम्मीदवारों ने महापौर उम्मीदवार के लिए वोट ही नहीं मांगे। इसको लेकर बैठक में हंगामा मच गया। स्थिति बिगड़ती देख वरिष्ठ नेताओं ने हस्तक्षेप किया और विवाद को शांत कराया।




**प्लाट बिकाऊ हैं**

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।

रेट 1000/- से 1200/- तक

अधिक जानकरी हेतु संपर्क करें. मो. 9993705740

**पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें**

**Pulmonologist**

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,

22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए

पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं खुशी रामरख्यानी पति योगेश रामरख्यानी का पूर्व का नाम खुशबु आहुजा था, जबकि उसका सही नाम खुशी रामरख्यानी है तथा खुशी रामरख्यानी के नाम से जानी पहचानी जाती है तथा मेरे आधारकार्ड व राशनकार्ड में खुशी रामरख्यानी करना है मैं अपना नाम शिक्षा विभाग व अन्य सभी शासकीय विभागों के दस्तावेजों में अपना नाम खुशी रामरख्यानी दर्ज कराना चाहती हूँ। जिसके समर्थन में आम सूचना प्रकाशित कराना चाहती हूँ।

स्थान कटनी दिनांक-23/07/2022

भवदीय

खुशी रामरख्यानी

मो.8103064030

**मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता**



**एडवांस्ड**

सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है

क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स

समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित

आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं

जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी

9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

**JOHNSON**

Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ**

मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

**HOTEL GRAND MERIDIAN**

Facilities

Luxury Rooms

Banquet Hall

Conference Hall


Free Wifi

Cinema

Restaurant

Bar

Car Parking




City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501

Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)